हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 148, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 28 नवम्बर, 2023 दिन मंगलवार | गाजीपुर/वाराणसी

## सिख आज पूरी दुनिया में छाए हैं मुगलों का कहीं अता-पता नहीं

### भारत ही नहीं पूरी दुनिया में गुरु नानक जी का प्रकाश फैला है : योगी



लखनऊ। सिख गुरुओं का बलिदान केवल खालसा पंथ के लिए न होकर हिन्दुस्तान और धर्म को बचाने के लिए था। उस दौर में जब बड़े-बड़े राजा महाराजा मुगल सत्ता की अधीनता स्वीकार कर रहे थे, तब सिख गुरु अपने दम पर देश और धर्म की रक्षा कर रहे थे। जिस देश और परंपरा में इस प्रकार का जुझारूपन हो उसे दुनिया की कोई ताकत झुका नहीं सकती। खालसा पंथ की स्थापना मुगल सल्तनत के पतन का कारण बनी। आज सिख पूरी दुनिया में छाये हुए हैं, मगर मुगलों की सत्ता का कहीं अता-पता नहीं है। ये सत्य और धर्म का रास्ता है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आशियाना स्थित गुरुद्वारे में श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 554वें प्रकाश पर्व पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कही।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को गुरुपर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रकाश पर्व हम सबके जीवन में गुरु कृपा से ज्ञान का प्रकाश देता है। उन्होंने कहा कि सिख गुरुओं का त्याग, बलिदान, भक्ति, शक्ति, साधना देश और धर्म के लिए अनुकरणीय है। भारत ही नहीं पूरी दुनिया में गुरु नानक जी का प्रकाश फैला है। उन्होंने लोक कल्याण और साधु सेवा में अपना जीवन समर्पित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक पक्ष भक्ति के माध्यम से साधना का है तो वहीं दूसरा पक्ष भक्ति के माध्यम से लोक कल्याण और राष्ट्र कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। भक्ति के माध्यम से गुरु नानक देव जी ने उस कालखंड में बाबर के अत्याचारों के खिलाफ आवाज बुलंद की थी। जात-पात और अन्य संकीर्ण विचारों से मुक्त रहकर कार्य करने की प्रेरणा हमें गुरु नानक देव जी से मिलती है।

**सिख धर्म साधना के गूढ़ रहस्यों से भरा पड़ा है**– मुख्यमंत्री ने मक्का की घटना का भी जिक्र किया, जब गुरु नानक देव ने एक मौलवी को 'एक ओमकार' की सीख दी। सीएम योगी ने कहा कि सिख धर्म साधना के गूढ़ रहस्यों से भरा पड़ा है। इस परंपरा ने आगे चलकर गुरु तेग बहादुर, गुरु गोविंद सिंह, उनके चार साहबजादों और हजारों सिखों द्वारा देश और धर्म के लिए बलिदान का भी जिक्र किया। कहा कि उनका बलिदान देश को एक नई शक्ति और प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खालसा केवल एक पंथ नहीं है, ये देश और धर्म की रक्षा के लिए गुरु कृपा से निकला हुआ प्रकाश पुंज है। इसने विपरीत परिस्थितियों में विदेशी ताकत को झुकने के लिए मजबूर किया।

**लखनऊ से निकली आवाज राष्ट्रव्यापी आवाज बन गई**– सीएम योगी ने कहा 2020 में साहबजादा दिवस के कार्यक्रम को मुख्यमंत्री आवास में करने का उन्हें सौभाग्य मिला। फिर 2022 में ये राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम बना। सच्चे संकल्प के साथ जब हम आगे बढ़ते हैं तो वो जरूर पूरे होते हैं। लखनऊ से निकली आवाज राष्ट्रव्यापी आवाज बन गई। दशकों से साहबजादा दिवस की मांग उठ रही थी, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 26 दिसंबर 2022 को साहबजादा बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लेकर पूरा किया। हम सब मिलकर अपने इतिहास से प्रेरणा लें। साथ ही उन क्रूर और काले क्षणों को भी याद करें, जब अत्याचार और बर्बरता की सारी पराकाष्ठा को पार करते हुए निर्ममता ढाई गई। आज हम स्वतंत्र भारत में पूरी मजबूती के साथ रहकर कार्य कर रहे हैं, ये हमारे सिख गुरुओं के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि है, जो हमे चुनौतियों से जूझने की प्रेरणा देता है।

## मस्जिदों सहित अन्य धार्मिक स्थलों से उतरवाए गए लाउडस्पीकर, सभी जिलों में चला अभियान



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लाउडस्पीकर से होने वाले ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ सोमवार को पूरे प्रदेश में अभियान चलाया गया। इस दौरान कई मस्जिदों और अन्य धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर उतरवाए गए, जबकि कई जगह आवाज कम करवाई गई। सुबह पांच बजे शुरू किए गए अभियान में सात हजार से ज्यादा लाउडस्पीकर की आवाज कम करवाई गई, जबकि तीन हजार से ज्यादा लाउडस्पीकर हटाए गए। अभियान के तहत जिलों में अधिकारियों के नेतृत्व में चेकिंग टीमें बनाई गईं और धार्मिक स्थलों व सार्वजनिक स्थलों पर लगे अवैध लाउडस्पीकर व ध्वनि विस्तारक यंत्र चेक करवाए गए। इस दौरान निर्धारित सीमा से अधिक डेसीमल पर पाए जाने पर लाउडस्पीकर उतरवा लिए गए। पूरे अभियान की मॉनिटरिंग लखनऊ मुख्यालय से की जा रही थी। इस दौरान धार्मिक स्थलों पर मौजूद लोगों का भी अभियान के तहत पूरा सहयोग मिला और अभियान सकुशल संपन्न हुआ।

## धर्मनिरपेक्षता शब्द को अब तुष्टीकरण कहा जा रहा है : पी चिदंबरम



कोलकाता। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने शनिवार को कहा कि धर्मनिरपेक्षता शब्द को अब तुष्टीकरण कहा जा रहा है। चिदंबरम ने यहां सेंट जेवियर्स विश्वविद्यालय में लोकतंत्र का भविष्य विषय पर एक व्याख्यान में कहा कि धर्मनिरपेक्षता शब्द की गलत व्याख्या की जा रही है। उन्होंने कहा कि तुष्टीकरण शब्द (धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा) को बदनाम करने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि यदि आप हिंदू नहीं हैं, तो आप आधे नागरिक हैं। यदि आप मुसलमान हैं, तो आप नागरिक नहीं हैं। चुनाव में धर्म का जिक्र नहीं होना चाहिए। लेकिन आज चुनाव में यह काफी हद तक हो रहा है। धर्म आस्था पर आधारित होना चाहिए।

चिदंबरम ने कहा कि एक राजनीतिक दल लगातार हिंदुओं के अलावा किसी अन्य को उम्मीदवार बनाने से इन्कार करता आ रहा है और इसकी मूल संरचना अखंड भारत, हिंदू राष्ट्र लगती है। धर्म ही निर्णायक कारक नजर आता है। उन्होंने कहा कि देश केंद्रीकरण की ओर बढ़ रहा है जो लोकतंत्र के विपरीत है। हम लोकतंत्र को बढ़ावा देने वाले संस्थानों को कमजोर कर रहे हैं। चिदंबरम ने कहा कि किसी भी आरक्षण के लाभ के संदर्भ में कोई निर्णय लेने से पहले जातिवार सर्वेक्षण जरूरी है और इसे केंद्र सरकार को जनगणना के साथ कराना चाहिए। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने जनगणना नहीं कराई है जो 2021 में होनी चाहिए थी, वह 2024 के आम चुनाव के बाद तक इसे टाल सकती है। उनका यह बयान बिहार सरकार द्वारा जातिवार सर्वेक्षण कराने और वंचित वर्गों के लिए 65 प्रतिशत आरक्षण की सिफारिश करने के कुछ दिनों बाद आया है। चिदंबरम ने कहा कि राष्ट्रीय जनगणना केवल केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में है। राज्य सरकारें राष्ट्रीय जनगणना नहीं करा सकती हैं। इसलिए जातिवार गणना करने का फैसला किया है क्योंकि इसके बिना पता करना संभव नहीं है कि कितने लोग आरक्षण के लाभ से दूर हैं।

## 'हमें कर्ज देकर उत्पीड़ित किया, गृह मंत्री जी सजा दिलाना', सुसाइड से पहले बनाया वीडियो; पूरे परिवार ने दी जान

तुमकुरु। कर्नाटक में एक दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। यहां के तुमकुरु में एक दंपती ने अपने तीन बच्चों के साथ घर में आत्महत्या कर ली। मृतक द्वारा एक सुसाइड नोट और आत्महत्या से पहले बनाया गया वीडियो मिला, जिसमें उसने इसका कारण बताया। दंपती ने बताया कि उसने कर्ज में डूबे होने के कारण आत्महत्या की। एसपी तुमकुरु अशोक कुमार ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। चौंकाने वाली बात यह है कि जांच में पता चला कि दंपती ने एक शख्स पर उनका उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। आरोपी के दंपती पर 1.5 लाख रुपये बकाया थे। तुमकुरु शहर के सदाशिवनगर इलाके में कबाब विक्रेता गरीब साब (36), उनकी पत्नी सुमैया (32), बेटी हजीरा (14), बेटे मोहम्मद शाभान (10) और मोहम्मद मुनीर (8) के शव उनके आवास पर लटके हुए पाए गए।

## 'तेलंगाना को नहीं चाहिए अंधविश्वास के गुलाम सीएम', रैली में केसीआर पर बरसे पीएम मोदी



हैदराबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना के महमूदाबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की केसीआर सरकार पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि तेलंगाना के लोग केसीआर सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कमर कस चुके हैं। तेलंगाना को बर्बाद करने में कांग्रेस और केसीआर बराबर के पापी हैं। तेलंगाना के लोग एक बीमारी को हटाकर दूसरी बीमारी को प्रवेश नहीं देंगे। पीएम मोदी ने कहा कि केसीआर को भाजपा की बढ़ती हुई ताकत का एहसास बहुत पहले हो गया था। इस वजह से केसीआर इस कोशिश में थे कि किसी तरह भाजपा से दोस्ती कर लें। एक बार केसीआर ने मुझसे ये विनती की थी लेकिन भाजपा तेलंगाना के लोगों की इच्छा के खिलाफ कोई काम नहीं कर सकती। तेलंगाना का अगली सीएम भाजपा से होगा। पीएम मोदी ने ये भी कहा कि भाजपा पहले ही कह चुकी है कि तेलंगाना का भाजपा सीएम ओबीसी वर्ग से होगा। प्रधानमंत्री ने सीएम केसीआर पर हमला बोलते हुए कहा कि सीएम अंधविश्वास के गुलाम और गरीबों को गुनाहगार हैं। तेलंगाना को फार्महाउस सीएम नहीं चाहिए। बीआरएस के साथ ही कांग्रेस पर हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि बीआरएस की कार के चार पहिए और एक स्टीयरिंग और कांग्रेस का पंजा एक ही हैं। दोनों पार्टियों ने भ्रष्टाचार और परिवारवाद को बढ़ावा दिया। दोनों पार्टियां तुष्टिकरण की राजनीति को नई ऊंचाई पर ले जा चुकी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और बीआरएस ने हमेशा से दलितों और आदिवासियों को धोखा दिया है। भाजपा सरकार में ही सामाजिक न्याय सुनिश्चित किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर सभी परिवारों को महंगे पेट्रोल-डीजल से राहत मिलेगी।

## कार्तिक पूर्णिमा पर नदी में नहाने गए थे तीन दोस्त पैर फिसला तो गहराई में जाकर डूबे, दो की मौत

वैशाली। वैशाली में गंडक नदी में डूबने से दो दोस्तों की मौत हो गई। तीन दोस्त कार्तिक पूर्णिमा को लेकर गंडक नदी में नहाने गए थे। नहाने के दौरान एक युवक गहाराई में जाकर डूबने लगे। उसे बचाने अन्य दो दोस्त भी नदी में डूब गए। डूबने के दौरान तीनों ने बचाने की गुहार लगाई लेकिन जब तक लोग उसके पास पहुंचते तब तक दो दोस्त डूब गए थे। वहीं लोगों ने तीसरे दोस्त को बचा लिया। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। घटना के बाद दोनों के परिजन उसे सदर अस्पताल हाजीपुर लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है। मौत के बाद दोनों के परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों का कहना है कि तीनों बचपन के दोस्त थे। और एक साथ स्नान करने गए थे। घटना बिदुपुर थाना क्षेत्र के मथुरा पंचायत के गोपालपुर गंगा घाट की है। मरने वालों की पहचान मथुरा चक गांव निवासी मनीष कुमार (25) और मंजय कुमार (18) के रूप में हुई है। वहीं तीसरे की पहचान मंदीप कुमार उर्फ पकल्लू (17) वर्ष के रूप में हुई। परिजनों का कहना है कि मनीष कुमार की शादी की बात चल रही थी। मंजय के परिजनों बताया कि तीनों दोस्त एक ही साथ गोपालपुर गंगा घाट पर कार्तिक पूर्णिमा को लेकर स्नान करने गए थे। नहाने के दौरान ही दोनों गहराई में जाकर डूब गए। इधर घटना के बाद नगर थाने के पुलिस अधिकारी सदर अस्पताल हाजीपुर में पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। इधर, घटना को लेकर बिदुपुर थाने के पुलिस अधिकारी घटनास्थल पहुंचे जांच पड़ताल में जुट गई है। इस संबंध में बिदुपुर अंचल अधिकारी रविराज ने बताया कि स्नान करने के दौरान डूबने से दो की मौत हुई है। जो भी आवश्यक कार्रवाई है की जा रही है। लोगों से अपील है कि नदी में स्नान करने के दौरान सावधानी बरतें। थोड़ी सी चूक से आप अपनी जान मुश्किल में डाल सकते हैं।

## 'राज्य में घूमना मुश्किल कर देंगे', आरक्षण के लिए बनी शिंदे समिति के विरोध पर छगन भुजबल को धमकी



मुंबई। महाराष्ट्र सरकार के मंत्री छगन भुजबल को धमकी मिली है। दरअसल छगन भुजबल ने कहा है कि मराठाओं को आरक्षण देने के लिए गठित की गई शिंदे समिति को रद्द कर देना चाहिए। इसे लेकर भुजबल पर मराठा आरक्षण का विरोध करने का आरोप लग रहा है। अब भुजबल को धमकी मिली है। दरअसल एक मराठा संगठन का सदस्य सोमवार को भुजबल की गाड़ी तक पहुंच गया और उसने भुजबल से मराठा आरक्षण का विरोध ना करने को कहा। साथ ही उसने धमकी दी कि 'अगर भुजबल ने विरोध बंद नहीं किया तो उनका महाराष्ट्र में घूमना मुश्किल कर देंगे'।

**भुजबल को मिली धमकी**– दरअसल छगन भुजबल पुणे के सरकारी गेस्ट हाउस में ठहरे हुए थे। इसी दौरान सोमवार को स्वराज्य संगठन का सदस्य धनंजय जाधव गेस्ट हाउस में भुजबल की गाड़ी तक पहुंच गया और उसने नारेबाजी की। उसने भुजबल से मराठा आरक्षण का विरोध ना करने को कहा और ये भी कहा कि वह भुजबल की गाड़ी तो क्षतिग्रस्त कर सकता है लेकिन ऐसा नहीं करेगा। इसके बाद पुलिस ने धनंजय जाधव को हिरासत में लिया। इस दौरान भुजबल के समर्थकों ने भी नारेबाजी की। पुलिस ने बताया कि घटना के वक्त गाड़ी में कोई नहीं था और वह गेस्ट हाउस में पार्क थी।

**फर्जी सर्टिफिकेट बनाकर आरक्षण लेने की कोशिश का आरोप**– बता दें कि छगन भुजबल महाराष्ट्र के एक प्रमुख ओबीसी नेता हैं और उन पर मराठा आंदोलन का विरोध करने का आरोप लग रहा है। साथ ही उन्होंने मराठा आंदोलन की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे मनोज जारांगे पर भी निशाना साधा। महाराष्ट्र सरकार के कैबिनेट मंत्री छगन भुजबल ने सोमवार को कहा है कि मराठा समुदाय को आरक्षण देने के लिए गठित की गई शिंदे समिति को रद्द करने की मांग की है। हालांकि शिंदे ने कहा कि वह मराठाओं को अलग आरक्षण देने के खिलाफ नहीं हैं लेकिन जिस तरह से खुंबी सर्टिफिकेट लेने के लिए फर्जी दस्तावेज जमा किए जा रहे हैं, वह इसके खिलाफ हैं।

## सड़क हादसों में वृद्ध और आशा समेत चार की मौत

सोनभद्र। जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में रविवार की रात हुए सड़क हादसों में वृद्ध और आशा समेत चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो बाइक सवार भी शामिल हैं। दोनों ने हेलमेट नहीं पहन रखा था। सिर में गंभीर चोट उनकी मौत की वजह बनी। पहली घटना राबर्ट्सगंज कस्बा चौकी क्षेत्र का है। मिर्जापुर जिले के संतनगर थाना क्षेत्र के ककरद गांव निवासी गुड्डू (25) पुत्र गंगाराम रविवार को एक कार्यक्रम में शामिल होने राबर्ट्सगंज आया था। देर रात लौटते समय शीतला मंदिर चौक के समीप उसकी बाइक विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आ गई। हादसे में गुड्डू गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना रायपुर थाना क्षेत्र की है। करहीं गांव निवासी आशा अशरफी देवी (52) गांव की एक महिला का प्रसव कराने के लिए अपने बेटे रणविजय के साथ बाइक से वैनी सीएचसी आ रही थी। रायपुर थाना मोड़ के समीप ब्रेकर पर बाइक असंतुलित होने पर पीछे बैठी आशा सड़क पर गिर गई। सिर में गंभीर चोट आई। उसे वैनी सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। तीसरी घटना बभनी थाना क्षेत्र की है। चौना संपर्क मार्ग पर रविवार की देर शाम चकसानी तिराहे पर अज्ञात वाहन से टकराकर बाइक सवार चक बगदरीसानी निवासी महेश कुमार (34) की मौत हो गई। महेश अपने पुराने घर से नए घर पर बाइक से जा रहा था। चकसानी तिराहे पर अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। आसपास के लोग उसे सीएचसी बभनी ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल से वाराणसी ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। पत्नी ममता देवी, मां का रो-रोकर बुरा हाल है। उसे तीन छोटे बच्चे हैं। मृतक के भाई राजेश कुमार की सूचना पर एसआई तेज बहादुर सिंह ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## गुरुपर्व पर हुआ मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना व आटा-दाल स्कीम का आगाज, केजरीवाल और सीएम मान ने किया ऐलान

संगरूर। मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत मान व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा सोमवार को धूरी से मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना व घर-घर आटा-दाल स्कीम का आगाज किया। आज श्री हजूर साहिब सहित अन्य धार्मिक स्थलों के लिए रेलगाड़ी व बसों के जरिये श्रद्धालुओं के जत्थों को पंजाब भर में विभिन्न जगहों से रवाना किया गया है। सैंकड़ों की गिनती में श्रद्धालु विभिन्न धार्मिक स्थलों के लिए रवाना हुए हैं। इससे पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत मान ने संगरूर के एतिहासिक गुरुद्वारा नानकियाना साहिब में माथा टेका व इस दौरान देशवासियों को गुरपर्व की शुभकामानाएं की। इस उपरांत वह धूरी के लिए रवाना हुए। धूरी में दस बसों को रेलवे स्टेशन धूरी के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हरी झंडी देकर रवाना किया। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर पंजाब के लोगों के लिए दो योजनाओं मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना व घर-घर आटा-दाल स्कीम का आज आगाज किया गया है। गुरुनानक देव जी के जात-पात खत्म करने का जो संदेश दिया था। उसी संदेश पर चलते हुए इन योजनाओं को बिना किसी पक्षपात के हर व्यक्ति के लिए आरंभ किया गया है। कोई भी व्यक्ति अपने परिवार समेत विभिन्न धार्मिक स्थलों की यात्रा कर सकता है। वैसे ही आटा-दाल स्कीम के तहत आटा लाभार्थियों के घरों तक पहुंचाया जाएगा। तीन सौ यात्री अमृतसर साहिब, दो सौ यात्री जालंधर व पांच सौ से अधिक यात्री धूरी से रवाना होंगे। रेलगाड़ी में मेडिकल सुविधा व अन्य हर सुविधा प्रदान की गई है। मान ने दावा किया उनका हलका धूरी पंजाब की राजनीति की धुरी बनेगा। उन्होंने कहा कि 28 नवंबर से विधानसभा का सर्द ऋतु सेशन आरंभ होगा। हर पंजाब निवासी इस सेशन को अवश्य देखे, ताकि पता चल सके कि आपका चुना नुमाइंदा विधानसभा में आपके इलाके से जुड़े मुद्दे उठा रहे हैं या नहीं। रैली दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा का आगाज करते हुए कहा कि दिल्ली में पिछले तीन-चार वर्ष से यह योजना चल रही है। जिसे आज पंजाब में भी आरंभ किया गया है। पंजाब से तीर्थ स्थलों पर जाने वाले श्रद्धालु अपनी व अपने परिवार की बेहतरी की दुआ करने के साथ ही आम आदमी पार्टी, मुख्मंत्री भगवंत मान व पंजाब की खुशहाली, पंजाब को रंगला पंजाब बनाने की भी कामना करें। यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को यह यात्रा जिंदगी भर याद रहेगी व यात्री इस सफर के दौरान पेश आने वाले कमियों को भी अवश्य ध्यान में रखें, ताकि अगली यात्रा दौरान इन कमियों को दूर किया जा सके। अंत में उन्होंने लोगों को बधाई देते हुए अपना भाषण समाप्त किया।



## बिहार में 65 फीसदी आरक्षण को पटना हाईकोर्ट में चुनौती, याचिकाकर्ता ने की रोक लगाने की मांग

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बिहार में आरक्षण की सीमा को बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने के मामले को पटना हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। गौरव कुमार और नमन श्रेष्ठ ने एक जनहित याचिका दायर की। याचिका में याचिकाकर्ता की ओर से बिहार में आरक्षण (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े और अति पिछड़े वर्गों के लिए) (संशोधन) अधिनियम, 2023 और बिहार (शैक्षिक संस्थानों में प्रवेश में) आरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2023 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता इन पर तत्काल रोक लगाने की भी मांग की। बता दें कि 10 नवंबर 2023 को बिहार विधान मंडल में संशोधन बिल पास किया गया। इसके बाद 18 नवंबर को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने इस बिल को मंजूरी दे दी थी। याचिकाकर्ता की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व देने के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गयी थी। न कि जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण देने का प्रावधान। यह जो 2023 का संशोधित अधिनियम बिहार सरकार ने पारित किया है, वह भारतीय संविधान के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। इसमें सरकारी नौकरियों में नियुक्ति के समान अधिकार का उल्लंघन करता है, वहीं भेद भाव से संबंधित मौलिक अधिकार का भी उल्लंघन है।21 नवंबर को बिहार सरकार ने गजट प्रकाशित किया था


बिहार सरकार ने आरक्षण संशोधन बिल के जरिए आरक्षण दायरा बढ़ा 65 फीसदी कर दिया। 10 प्रतिशत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को मिलने वाले आरक्षण को जोड़ दें जो कुल 75 फीसदी आरक्षण का लाभ मिलेगा। 21 नवंबर को बिहार सरकार ने इसको लेकर गजट प्रकाशित कर दिया। अब से शिक्षण संस्थानों और नौकरी में अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़ा वर्ग और अतिपिछड़ा को 65 फीसदी आरक्षण का लाभ मिलेगा।

## संपादकीय

# उम्मीद की सूरत, कतर से नौसैनिकों को घर लाने के लिए ठोस कूटनीतिक कदम जरूरी

कतर की एक अदालत में भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अधिकारियों को जिस तरह मौत की सजा सुनाई गई थी, वह पहले ही सवालों के घेरे में थी। इसलिए भारत की ओर से इस पर कोई ठोस पहलकदमी या कूटनीतिक कदम उठाए जाने की उम्मीद की जा रही थी। इसी क्रम में भारत ने कतर की अदालत के फैसले के खिलाफ औपचारिक रूप से अपील की थी। इस संबंध में आई खबर के मुताबिक, अब कतर की अदालत ने भारत की इस याचिका को स्वीकार कर लिया है और इसका अध्ययन कर जल्दी ही सुनवाई शुरू की जाएगी। इस तरह न केवल मौजूदा कानूनी दायरे के बरक्स विकल्पों पर विचार हो सकेगा, बल्कि मानवीय लिहाज से भी इस फैसले का आकलन किया जाएगा। वैश्विक स्तर पर अलग-अलग देशों के बीच जैसे संबंध होते हैं, उसके मद्देनजर भी कानूनी कसौटियों पर विचार और जरूरत के मुताबिक उसकी उचित व्याख्या की जरूरत महसूस की जाती है। यह भी देखे जाने की जरूरत होती है कि क्या ऐसे मामलों में अंतरराष्ट्रीय कानूनों की कोई भूमिका बनती है। यों भी, अपने नागरिकों पर किसी अन्य देश में कानूनी कार्रवाई पर अपना रुख तय करना किसी भी देश का अधिकार है। यह आरोपों की गंभीरता और प्रकृति पर निर्भर करता है कि कोई देश ऐसे मामले में क्या प्रतिक्रिया देता है। कतर में जिन आठ भारतीय नौसैनिकों को मौत की सजा सुनाई गई है, उन पर लगे आरोपों के बारे में कोई साफ तस्वीर नहीं है। फिर अगर वहां की कानूनी व्यवस्था ने अपनी कसौटियां लागू की भी, तो यह देखने की जरूरत है कि क्या मौत की सजा के अलावा अन्य कोई विकल्प मौजूद नहीं है। गौरतलब है कि जिन अधिकारियों को सजा सुनाई गई, वे कतर की एक निजी नौसेना कंपनी में नौकरी करने गए थे। मगर पिछले साल कतर की पुलिस ने इन अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया था। हैरानी है कि शुरूआती दिनों में कतर ने इस मामले को गुप्त रखा। हालांकि इससे संबंधित खबरों में यह बताया गया कि पकड़े गए अधिकारी इजराइल के लिए कतर की पनडुब्बी परियोजना की जासूसी कर रहे थे। मगर इस मसले पर जिस स्तर की गोपनीयता बनाए रखी गई और पारदर्शिता का खयाल नहीं रखा गया, उससे उसके औचित्य को लेकर सवाल उठे। भारत के लिए यह अपने नागरिकों के प्रति मानवीय दायित्व का मामला भी है, इसलिए इसकी ओर से इस सजा पर फिर से विचार करने की अपील करना स्वाभाविक है। अब कानूनी कार्रवाई और सजा को लेकर कतर की अदालत ने अगर भारत की अपील पर विचार करना मंजूर किया है, तो यह मानवीय तकाजों के लिहाज से एक जरूरी कदम होने के साथ-साथ भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज से भी सकारात्मक कदम है। हालांकि भारत और कतर के बीच घनिष्ठ संबंध रहे हैं और विभिन्न स्तरों पर दोनों देशों में सहयोग लगातार बढ़ रहा है। ऐसे मामलों में आरोपों के समांतर अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक समीकरण के भी अपने तकाजे होते हैं। अगर कतर की अदालत में इस मसले पर पुनर्विचार किया गया और अधिकारियों को मौत की सजा को लेकर नरमी दिखाई गई, तो उसका अपना महत्त्व होगा। अन्यथा इसके बाद भारत के पास अंतरराष्ट्रीय अदालत में अपना पक्ष रखने का विकल्प बचा हुआ है। मगर यह इस पर निर्भर करेगा कि फैसले के मुताबिक सजा के अंजाम तक पहुंचने के बीच कितना वक्त मिल पाता है।

# छोड़ रहे सब बाण!



वादे और दावे का ।
छोड़ रहे सब बाण ।।
चल रही जो खबरें ।
हैं उसका प्रमाण ।।
अपने अपने पाले में ।
है करने का काल ।।
एक दूसरे से शुरू ।
है अभी सवाल ।।
हम ही हैं शुभचिंतक ।
याद है दिलाया ।।
रखना थोड़ा धैर्य ।
है उनका सफाया ।।
चालू है प्रचार ।
है यही निचोड़ ।।
ना जब तक परिणाम ।
हम ही हैं बेजोड़ ।।

–कृष्णोन्द्र राय

# हलाल प्रमाणित उत्पादों पर अब पूरे देश में प्रतिबंध लगाने का समय आ गया है

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सनातन हिंदू समाज की आस्था की रक्षा करने के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए प्रदेश में हलाल प्रमाणित उत्पादों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। इसके बाद से ही प्रदेश की खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीमें व एटीएस सक्रिय हो गई हैं, पूरे प्रदेश में छापामारी चल रही है और भारी मात्रा में अवैध रूप से प्रमाणित हलाल उत्पादों की जब्ती भी की जा चुकी है जिसके कारण अवैध रूप से हलाल प्रमाणन का गोरख धंधा करने वाले गिरोहों व संगठनों में खलबली मच गयी है वहीं समाजवादी पार्टी, बहुजन समाजवादी पार्टी और कांग्रेस सहित सभी विरोधी दल इसे मुस्लिम तुष्टिकरण नीति को धार देने के लिए प्रयोग करते दिख रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार अवैध रूप से चल रहा हलाल प्रमाणन का गोरखधंधा लगभग 3000 करोड़ से अधिक का है और इस धन का दुरुपयोग राष्ट्रविरोधी गतिविधियों व आतंकवादी संगठनों की मदद करने के लिए किया जा रहा है। हलाल प्रमाणन का धंधा केवल उत्तर प्रदेश में ही नहीं अपितु संपूर्ण भारत में चल रहा है और इस धंधे का भारत में आगमन 1974 में एक घृणित साजिश के तहत हुआ था। हलाल प्रमाणन की प्रक्रिया एक देश दो विधानवाली तथा संवैधानिक मूल्यों के खिलाफ है।

प्रदेश सरकार ने हलाल प्रमाणन के इस अवैध धंधे को पूरी तरह से रोकने के लिए लखनऊ की हजरतगंज कोतवाली में शैलेंद्र कुमार शर्मा की शिकायत पर विभिन्न संगठनों पर एक एफआईआर दर्ज कवाई है, जिनमें हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड चेन्नई, जमीयत उलेमा हिंद हलाल ट्रस्ट दिल्ली व लखनऊ, हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया मुंबई और कुछ अन्य कंपनियां शामिल हैं। भारत से बड़ी मात्रा में खाद्य उत्पादों का निर्यात सिंगापुर, मलेशिया, सऊदी अरब, कतर आदि खाड़ी देशों और कई अंतरराष्ट्रीय बाजारों में होता है जहां बड़ी संख्या में इस्लामिक आबादी है। ऐसे में देश की अधिकांश कंपनियां अपने उत्पादों के लिए हलाल सार्टिफिकेशन करवाती हैं। दुर्भाग्यवश भारत में हलाल प्रमाणन के लिए कोई सरकारी कंपनी नहीं है जिसके कारण यह ठग कंपनियां अनुचित व अवैध धंधा करने में कामयाब हो रही हैं। ये अकूत धन कमा रही हैं और उसे देश के विरुद्ध इस्तेमाल कर रही हैं। इन कंपनियों के सम्बन्ध अलग अलग आतंकवादी संगठनों से होने की आशंका है।




उत्तर प्रदेश में हलाल प्रमाणित उत्पादों पर प्रतिंबध से इस बेहद गम्भीर व खतरनाक विषय पर राष्ट्रव्यापी बहस आरम्भ हो गयी है। हलाल उत्पादों पर प्रतिबन्ध का समर्थन करने वाले लोग कह रहे हैं कि इस अवैध धंधे पर संपूर्ण भारत में प्रतिबंध लगना चाहिए। यह बात सही भी है कि हलाल उत्पादों पर प्रतिबंध तभी प्रभावी होगा जब देश के सभी राज्यों में इस पर प्रतिबंध लगाया जाए और प्रमाणन पर एक कड़ा कानून बनाते हुए निर्यात की दृष्टि से प्रमाणन का यह कार्य किसी राष्ट्रीय संस्थान को दिया जाये।

हलाल का समर्थन करने वाले लोग संविधान की बार- बार दुहाई दे रहे हैं किंतु शायद इन लोगों को यह नहीं पता कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही भारत सरकार का अपना भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यूपी सरकार के कदमों का समर्थन करते हुए कहा कि सरकारी एजेंसियों को ही यह पता लगाना चाहिए कि खाद्य उत्पादों में किस तरह के रासायनिक संयोजक, कृत्रिम व हानिकारक तत्व मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी निकायों को यह प्रमाणित करने का अधिकार होना चाहिए कि लोगों के उपयोग के लिए कौन सा भोजन गुणवत्तापूर्ण है। अवैध हलाल प्रमाणन के खिलाफ हो रही कार्यवाही का विरोध करने वाले बहसों के दौरान इस अवैध कृत्य को संवैधानिक बता रहे हैं, दावा कर रहे हैं कि हम जीएसटी दे रहे हैं और इनका मानना है कि हलाल प्रमाणित उत्पादों पर कार्यवाही करने से महंगाई बढ़ सकती है, बेरोजगारी बढ़ सकती है, बाजारों में खाद्य उत्पादों का संकट पैदा हो सकता है आदि-आदि। हलाल प्रामणित उत्पादों के पक्ष में यह भी दलील दी जा रही है कि यह मुस्लिम समाज के लिए धर्म व आस्था का विषय है। अगर यह मान भी लिया जाये कि हलाल प्रमाणन मुस्लिम समाज के लिए धर्म व आस्था का विषय है तो हिंदू समाज का एक बहुत बड़ा वर्ग जो व्रत व उपवास के अवसर पर पूर्णरूप से शाकाहारी रहता है उसको हलाल प्रमाणन वाले खाद्य पदार्थ बेचकर उसकी आस्था पर क्यों चोट पहुंचाई जा रही है? विभिन्न उत्पादों के हलाल प्रमाणन के गोरखधंधे में शामिल लोग धर्म-संविधान जैसे गलत तथ्यों की आड़ में कुतर्क कर रहे हैं, सनातन हिंदू सहित सिख, जैन, बौद्ध आदि विभिन्न मतावलंबियों की आस्था विश्वास और मान्यता से कोई सरोकार नहीं है। इन लोगों को केवल मजहब विशेष की ही आस्था दिखती है। हिंदू नवरात्र, हरितालिका, छठ, करवा चौथ जैसे पर्वों के अतिरिक्त नियमित व्रत जैसे सप्ताह के कोई एक दिन या कोई तिथि जैसे एकादशी, प्रदोष, पूर्णिमा आदि उपवास करते हैं और इन्हें हलाल प्रमाणित सेंधा नमक मिलता है। दूध व दुग्ध उत्पादों के पैकेटों पर हलाल लिखा जाने लगा है। साबुन शैम्पू तक का हलाल प्रमाणन हो रहा है।

वास्तव में हलाल के दायरे में केवल मांसाहार आता है, हलाल मांस के लिए पशुवध की विशेष पीड़ादायक प्रक्रिया है किंतु प्रमाणन का धंधा करने वाले लोगों ने धीरे-धीरे सौंदर्य प्रसाधन सामग्री और दवाएं भी शामिल कर लीं जिनमें पशु रक्त, चर्बी, मांस, अल्कोहल आदि का उपयोग होता है। फिर लोगों को बेवकूफ बनाते हुए हलाल उत्पादों का दायरा शाकाहारी उत्पादों तक फैला दिया गया और दाल, चावल, आटा, मैदा, शहद, चायपत्ती, बिस्किट, मसाले, साबुन, टूथपेस्ट उत्पाद भी इसमें शामिल कर लिए गये। अब बस हवा, पानी को ही हलाल और हराम घोषित करना शेष रह गया है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में तो हद ही हो गयी है क्योंकि यहां पर तुलसी अर्क, धनिया पाउडर, एलोवेरा जूस और आई ड्रॉप पैकिंग पर भी हलाल प्रिंट उत्पाद खूब बिक रहे हैं। शिकायत कर्ता शैलेंद्र शर्मा का कहना है कि तुलसी जी हिंदू धर्म में माता के रूप में पूज्य हैं। अर्क की पैकिंग पर हलाल लिखा है इससे करोड़ों हिन्दुओं की आस्था पर चोट पहुंची हैं। आज विभिन्न चैनलों पर चल रही बहस के दौरान हलाल समर्थकों से सवाल पूछा जा रहा है कि आप लोग दूध, दाल, चावल सहित विभिन्न शाकाहारी वस्तुओं को हलाल कैसे करते हैं उसकी विधा क्या है तब उन लोगों के पास कोई जवाब नहीं रहता है।

# विश्व की सुंदरतम नगरी बनने और वैश्विक पटन पर छाने के लिए तैयार है अयोध्या

**मृत्युंजय दीक्षित**

500 वर्षों के अथक संघर्ष के पश्चात नौ नवंबर 2020 को माननीय उच्चतम न्यायलय द्वारा अयोध्या पर राम मंदिर के पक्ष में ऐतिहासिक निर्णय देने के बाद, श्रीराम जन्मभूमि पर श्री रामलला के भव्यझदिव्य मंदिर का निर्माण कार्य तीव्र गति से सम्पूर्णता की दिशा में अग्रसर है। मंदिर के भूतल का लगभग 95 प्रतिशत का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा आगामी 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन होना भी सुनिश्चित हो गया है। कुछ वर्ष पूर्व तक जो अयोध्या नगरी हिन्दुओं के संघर्ष की धरती थी जो आगामी 22 जनवरी 2024 को सर्व संतोषकारिणी नगरी बनने जा रही है। लंबे संघर्ष के बाद प्रभु श्रीराम लला अपने जन्मभूमि आवास में पधार रहे हैं और प्रत्येक सनातनी यह सोचकर हर्षित और प्रफुल्लित हो रहा है कि अयोध्या में श्रीरामलला के विराजमान हो जाने के बाद उनके सभी दुखों व चिंता का निवारण हो जाएगा। उत्तर प्रदेश ही नहीं संपूर्ण भारत में आनंद की बयार बह रही है और हो भी क्यों न हम सबके श्रीराम अपने घर आ रहे हैं। यही कारण है कि अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार अयोध्या को अखिल विश्व की सुंदरतम नगरी बनाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। एक समय था जब रामभक्त अयोध्या दर्शन करने जाते अवश्य थे किंतु हनुमानगढ़ी और कनक भवन के दर्शनों तक सीमित रह जाते थे और बहुत कम श्रद्धालु श्री रामजन्मभूमि के दर्शन करने के लिए जाते थे क्योंकि तम्बू में बैठे भगवान तक पहुंचना सरल नहीं था किन्तु उच्चतम न्यायालय का निर्णय आने के बाद परिवर्तन आया और 22 जनवरी 2024 के बाद परिस्थितियां पूरी तरह से बदलने जा रही हैं क्योंकि अब रामभक्तों व श्रद्धालुओं की प्रतीक्षा पूर्ण और धैर्य समाप्त हो रहा है।

भव्य श्रीरामलला मंदिर के उद्घाटन के पश्चात श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने वाली है, अयोध्या में उनके भव्य स्वागत, रहने-ठहरने व दिव्य दर्शन सुलभ करने के लिए व्यापक प्रबंध किये जा रहे हैं। अयोध्या व उसके आसपास के समस्त क्षेत्र को इस प्रकार से निर्मित किया जा रहा है कि श्रद्धालुओं को त्रेतायुग के समय का आभास हो और उस परिकल्पना को साकार करने के लिए मुख्यंमत्री योगी आदित्यनाथ जब से प्रदेश के मुख्यमंत्री बने हैं तभी से जुटे हैं। विगत कई वर्षों से अयोध्या में भव्य दीपोत्सव का आयेजन किया जा रहा है जिसमें प्रभु श्रीराम माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ उसी प्रकार पुष्पक विमान से उतरते हैं जिस प्रकार वह त्रेता युग में उतरे थे। अयोध्या त्रेतायुग में जिस प्रकार प्रफुल्लित व हर्षित हुई थी आगामी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या व उसके आसपास के वातावरण को उसी प्रकार राममय करने की अभूतपूर्व तैयारी चल रही है।

इसी परिप्रेक्ष्य में अयोध्या को विश्व की सुंदरतम नगरी बनाने के लिए हर संभव व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। 22 जनवरी के बाद देश व विदेशों से लाखों की संख्या में रामभक्त अयोध्या पहुंचने वाले हैं इस बात को ध्यान में रखते हुए और अयोध्या को विश्व स्तर की धार्मिक नगरी के रूप में विकसित करने के लिए करीब 3 हजार करोड़ रुपए लागत की विभिन्न अवस्थापना परियोजनाओं पर काम चल रहा है। अयोध्या में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के नाम पर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बन रहा है और संभावना व्यक्त की जा रही है कि आगामी दिसंबर माह में उड़ानें भी प्रारंभ हो जायेंगी। वंदे भारत ट्रेन लखनऊ से अयोध्या के बीच चली है और करीब आधा दर्जन अन्य रेल गाड़ियाँ अयोध्या से होकर जाने लगी हैं। अयोध्या से रामेश्वरम तक सीधी रेलगाड़ी चलाई गई है। अयोध्या का बदलाव दिखाने के लिए रेलवे स्टेशन को भव्य बनाया जा रहा है। पर्यटन विभाग अयोध्या को जोड़ने वाले सुल्तानपुर, बस्ती, गोंडा, अंबेडकरनगर और रायबरेली हाईवे पर बड़े द्वारों का निर्माण कर रहा है। अयोध्या व आसपास के जिलों व कस्बों में भारी संख्या में होटलों आदि का निर्माण कार्य चल रहा है। तीर्थ यात्रियों को आकर्षित करने के लिए कई योजनाएं- अयोध्या में बाहर आने वाले तीर्थयात्री केवल अयोध्या मंदिर दर्शन तक ही सीमित न रह जाएं इसलिए तीर्थाटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं पर भी कार्य चल रहा है। पंचकोसी, चौदह कोसी तथा चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित धार्मिक स्थलों का भी सुंदरीकरण किया जा रहा है। सरयू नदी में विहार के साथ मंदिरों के दर्शन के लिए क्रूज सेवा और रोमांचक वाटर स्पोर्टस सेवा भी प्रारंभ हो गई है। साथ ही अभी कई और योजनाएं प्रारंभ होने वाली हैं।

भविष्य की दृष्टि से अयोध्या का दिव्य एवं नव्य विकास करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संकल्पवान हैं। मुख्यमंत्री का दायित्व सँभालने के साथ से ही वे अयोध्या पर विशेष ध्यान दे रहे हैं और प्रायः अयोध्या आकर सांधु-संतों का आशीर्वाद के लेने के साथ ही साथ विकास हेतु उनका परामर्श भी लेते हैं। 2017 में पहली बार मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी जी अपने प्रथम कार्यकाल में 46 बार अयोध्या पहुंचे और इस कार्यकाल में भी उनका आगमन निरंतर हो रहा है। वो अयोध्या सम्बन्धी प्रत्येक कार्य पर स्वयं दृष्टि रखते हैं। योगी जी के नेतृत्व में अयोध्या में हर वर्ष दीपोत्सव का आयोजन होने से अयोध्या को एक नयी पहचान मिली है। हर वर्ष दीपों की संख्या गिनीज बुक में अपना ही रिकॉर्ड तोड़ती है। 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व इस बार भी अयोध्या में अयोजित भव्य दीपोत्सव ने एक नया रिकॉर्ड बना दिया है और अयोध्या की अनुपम छटा बिखर रही है। अयोध्या में विकास की गति को और तीव्र करने के लिए नौ नवंबर 2023 को अयोध्या में रामलला के दरबार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसने एक नया इतिहास रचा। कैबिनेट बैठक के पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रदेश सरकार के सभी मंत्री रामलला के दरबार पहुंचे और उनके प्रति अपनी आस्था प्रकट की। कैबिनेट ने हनुमानगढ़ी में भी हनुमान जी के दर्शन किये और पूजा की। हनुमानगढ़ी में महंत धर्मदास, महंत संतरामदस आदि ने सभी अभिनंदन किया और उसके बाद मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अप सभी के आशीर्वाद से अयोध्या विश्व की सबसे सुंदरतम नगरी बनेगी।

अयोध्या में आयोजित बैठक में अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद व देवी पाटन धाम तीर्थ विकास परिषद के गठन को स्वीकृति दी गयी। अयोध्या कैबिनेट में शुक तीर्थक्षेत्र विकास परिषद के गठन का भी ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। ज्ञातव्य है कि अयोध्या के समग्र विकास के लिए पहले से ही केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग से 30,500 करोड़ रुपये की कुल 178 परियोजनाएँ चल रही हैं। बैठक के बाद मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि अयोध्या के समग्र विकास के लिए अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के गठन का निर्णय लिया गया है। यहां आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को उच्च स्तरीय पर्यटन सुविधाओं के विकास के साथ ही परंपरा और संस्कृति के संरक्षण एवं प्रबंधन के लिए आवश्यक नीतियां अब तीर्थ परिषद ही बनायेगा।

# भारत के प्रधानमंत्री के लिए अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करने वाले राजनेताओं ने अपनी साख गंवाई

**ललित गर्ग**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ की गयी पनौती (अपशकुन), जेबकतरा एवं कर्ज माफी जैसी अशोभनीय टिप्पणियों के कारण निशाने पर हैं। चुनाव आयोग (ईसी) ने हालिया टिप्पणियों के लिए राहुल गांधी को कारण बताओ नोटिस जारी करके निर्णायक कार्रवाई की है। यह कार्रवाई सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा चुनाव आयोग में दर्ज की गई एक शिकायत का संज्ञान लेते हुए की गयी है। चुनाव आयोग ने जहां पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा पर चिंता व्यक्त की वही भाजपा ने तर्क दिया कि ऐसी भाषा एक वरिष्ठ राजनीतिक नेता के लिए अशोभनीय है। पिछले लम्बे दौर से विश्वनेता के रूप में प्रतिष्ठित देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दर्शन, उनके व्यक्तित्व, उनकी बढ़ती ख्याति, उनकी बहुआयामी योजनाओं व उनकी कार्य-पद्धतियों पर कीचड़ उछाल रहे हैं। पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान में विपक्षी नेताओं और विशेषतः कांग्रेस नेताओं ने अमर्यादित, अशिष्ट, छिछालेदार भाषा का उपयोग कर राजनीतिक मयार्दाओं को तार-तार कर दिया है। विडम्बना देखिये कि मोदी को गालियां देकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस करने वाले राहुल गांधी इसका खामियाजा भी भुगतते रहे हैं, लेकिन राजनीतिक अपरिवक्वता के कारण वे कोई सबक लेने का तैयार नहीं है।

निर्वाचन आयोग ने राहुल गांधी को याद दिलाया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता नेताओं को राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ असत्यापित आरोप लगाने से रोकती है। लेकिन राहुल गांधी ने राजस्थान में हाल की रैलियों में प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए उनके लिए पनौती, जेबकतरे और अन्य विवादित शब्दों का इस्तेमाल किया था। राहुल गांधी के ये अशोभनीय एवं मयार्दाहीन बयान क्या रंग लायेगा, यह भविष्य के गर्भ में हैं, लेकिन स्वस्थ एवं आदर्श लोकतंत्र के लिये देश के प्रधानमंत्री के लिये इस तरह के निम्न, स्तरहीन एवं अमर्यादित शब्दों का प्रयोग होना, एक विडम्बना है, एक त्रासदी है, एक शर्मनाक स्थिति है। केवल कांग्रेस ही नहीं, अन्य राजनीतिक दल के नेता भी ऐसी अपरिपक्वता एवं अशालीनता का परिचय देते रहे हैं। पिछले नौ वर्षों में उद्योगपतियों को चौदह लाख करोड़ रुपये की छूट देने के आरोप भी सत्यता से परे, तथ्यहीन, भ्रामक एवं गुमराह करने वाले हैं। जेबकतरे शब्द का प्रयोग करते हुए आरोप लगाया गया कि प्रधानमंत्री लोगों का ध्यान भटकाते हैं। जबकि उद्योगपति गौतम अडानी उनकी (लोगों की) जेब से पैसे निकालते हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि जेबकतरे इसी तरह काम करते हैं। आयोग ने राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट की उस टिप्पणी के बारे में भी बताया जिसमें कहा गया था कि अगर संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ए) में बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा की जाती है तो प्रतिष्ठा के अधिकार को भी अनुच्छेद 21 में संरक्षित जीवन के अधिकार का एक अभिन्न हिस्सा माना जाता है। इन दो अधिकारों को संतुलित करना एक संवैधानिक आवश्यकता है। लेकिन राहुल गांधी को यह संतुलन साधना कहा आता है?

राहुल गांधी ने अहमदाबाद में विश्व कप क्रिकेट के फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया से भारत की हार के बाद राजस्थान में चुनावी भाषण में मोदी के खिलाफ पनौती जैसे आपत्तिजनक, विवादित एवं अपशब्द का इस्तेमाल किया था। यह एक शब्दभर नहीं है, बल्कि अनेक कुटिलताओं की अभिव्यक्ति है, पनौती मोटे तौर पर ऐसे शख्स के लिये उपयोग किया जाता है, जिसकी मौजूदगी होने भर से बनता काम बिगड़ जाता है। आम तौर पर पनौती शब्द ऐसे व्यक्ति के लिए इंगित किया जाता है जो बुरी किस्मत लाता है। वैसे इसका किसी ज्ञान-विज्ञान और तर्क से नाता नहीं है। जाने-माने भाषाविद् डॉक्टर सुरेश पंत के मुताबिक, हिंदी में -औती प्रत्यय से अनेक शब्द बनते हैं। इनमें कटौती, चुनौती, मनौती, बपौती इत्यादि शामिल हैं। पनौती शब्द नकारात्मकता एवं अशुभता का सूचक है। पनौती को शनि की बुरी दशा का समय माना जाता है। इसका मतलब बाढ़ भी होता है। पनौती तमिल शब्द पन्नादाई का अपभ्रंश भी है। इसका मतलब होता है एक ढीला बुना हुआ कपड़ा या मूर्ख।

बात केवल राहुल गांधी की ही नहीं है, कौन भूल सकता है सोनिया गांधी का वह बयान, जिसने वास्तव में गुजरात की जनता को झकझोर कर रख दिया था। तब सोनिया ने गुजरात के तत्कालीन और बेहद लोकप्रिय मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को मौत का सौदागर बताया था। सोनिया ने कहा था, ॒मेरा पूरा भरोसा है कि आप ऐसे लोगों को मंजूर नहीं करेंगे जो जहर के बीज बोते हैं।" मौत का सौदागर के बाद जहर की खेती के इस बयान ने गुजरात ही नहीं, देश की जनता की भावना को जगा दिया। नतीजा लोकसभा चुनाव के परिणाम के रूप में सामने आया, जिसमें बीजेपी को 278 और कांग्रेस को 45 सीटें मिलीं। जनता को बेवकूफ एवं नासमझ समझने की भूल कांग्रेस बार-बार करती रही है और बार-बार मात खाती रही है। इन चुनावों में भी ऐसी मात खाने को मिले तो कोई आश्चर्य नहीं है। क्योंकि जनता अपने सर्वोच्च नेतृत्व को मयार्दाहीन तो कत्तई नहीं देखना चाहती। कभी पूर्व कैबिनेट मंत्री मणिशंकर अय्यर मोदी को नीच तक कह देते हैं तो राहुल तो सर्जिकल स्ट्राइक पर खून की दलाली जैसे आरोप लगाते रहे हैं। नोटबंदी को लेकर जहां पूरा देश नरेन्द्र मोदी के साथ खड़ा था, तब विपक्ष को काले कारोबारियों के साथ खड़ा होने में जरा भी शर्म नहीं आई। विपक्ष ने दुनिया के कुख्यात रहे तानाशाह हिटलर, मुसोलिनी, कर्नल गद्दाफी से प्रधानमंत्री मोदी की तुलना कर डाली। इस तरह के स्तरहीन, ओछे एवं अमर्यादित बयानों से न केवल विपक्ष दलों के नेताओं बल्कि कांग्रेस पार्टी की न केवल फजीहत होती रही है, बल्कि उसकी बौखलाहट को दशार्ती रही है। इस तरह के लोग राजनीति में जगह बनाने के लिये ऐसी अनुशासनहीनता एवं अशिष्टता करते हैं। राहुल के इस तरह के ओछे, स्तरहीन एवं अशालीन शब्दों के प्रयोग का एक लम्बा सिलसिला है। मोदी पर गाली की बौछार में कभी उनको सांप, बिच्छू और गंदा आदमी कहा गया था। तो कभी लहू पुरुष, पानी पुरुष और असत्य का सौदागर भी बताया। सत्ता के शीर्ष पर बैठकर यदि इस तरह जनतंत्र के आदर्शों को भुला दिया जाता है तो वहां लोकतंत्र के आदर्शों की रक्षा नहीं हो सकती। राजनैतिक लोगों से महात्मा बनने की आशा नहीं की जा सकती, पर वे अशालीनता एवं अमयार्दा पर उतर आये, यह ठीक नहीं है। महात्मा गांधी ने कहा था कि मेरा ईश्वर दरिद्र-नारायणों में रहता है। आज यदि उनके भक्तों-कांग्रेसजनों से यही प्रश्न पूछा जाये तो संभवतः यही उत्तर मिलेगा कि हमारा ईश्वर कुर्सी में रहता है, सत्ता में रहता है। तभी उनमें अच्छाई-बुराई न दिखाई देकर केवल सत्तालोलुपता दिखती है। ये तथाकथित नेता गाली ही नहीं देते रहे, बल्कि गोली तक की भाषा का इस्तेमाल करते रहे हैं।

# एमएम पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री द्वारा रविदास घाट पर नौकाओं के लिए फ्लोटिंग मोबाइल रि-फ्यूलिंग (एमआरयू) सीएनजी स्टेशन का उद्घाटन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। प्रदूषण मुक्त वाराणसी हेतु एक महत्वपूर्ण कदम की दिशा में रविदास घाट पर शहर के दूसरे फ्लोटिंग कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) मोबाइल रि- फ्यूलिंग यूएनआईटी (एमआरयू) स्टेशन का उद्घाटन पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा आवासन और शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने किया`

नमो घाट सीएनजी स्टेशन के पश्चात नौकाओं में सीएनजी भरने के लिए यह देश का दूसरा ऐसा स्टेशन निर्मित किया गया है` उक्त दोनों स्टेशनों को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के नियंत्रणाधीन महारत्न पीएसयू गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा विकसित किया गया है इस अवसर पर गेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संदीप कुमार गुप्ता, निदेशक (मानव संसाधन) आयुष गुप्ता, निदेशक (विपणन) संजय कुमार और अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे`

इसी के साथ वाराणसी के मुख्य घाटों के दोनों ओर नौकाओं के लिए फ्लोटिंग सीएनजी स्टेशन अब चालू हैं गेल द्वारा फ्लोटिंग स्टेशनों को लगभग 17.5 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है` श्री पुरी ने कहा कि पर्यावरणीय चुनौतियों और स्वच्छ अक्षय स्त्रोतों में बदलाव की तत्काल आवश्यकता से जूझ रहे विश्व में वाराणसी में दूसरे फ्लोटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का उद्घाटन व्यवहार्य अक्षय ऊर्जा समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है`

मंत्री जी ने यह भी कहा कि इस फ्लोटिंग सीएनजी स्टेशन को स्थापित करने का निर्णय स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में परिवर्तनकारी शक्ति में हमारे विश्वास का प्रमाण है` रविदास घाट पर सीएनजी स्टेशन के महत्व के बारे में बोलते हुए श्री पुरी ने कहा कि इससे नाविकों को बड़ी सुविधा मिलेगी क्योंकि उन्हें ईंधन भरने के लिए नमो घाट तक नहीं जाना पड़ेगा जिससे समय और धन की बचत होगी`



विगत कई वर्षों से वाराणसी घाटों पर नाविक पुराने और कम कुशल पेट्रोल और डीजल इंजनों का उपयोग कर रहे थे, जिन्हें अब किट के साथ नए सीएनजी इंजनों में परिवर्तित कर दिया गया है जिससे ईंधन दक्षता में सुधार हुआ है` निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत गेल ने नावों को पर्यावरण अनुकूल ईंधन सीएनजी में बदलने के लिए वाराणसी नगर निगम (वीएनएन) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है अब तक वीएनएन के साथ पंजीकृत 890 में से 735 ऐसी नौकाओं को गेल के सीएसआर कार्यक्रम के तहत 18 करोड़ रुपये की लागत से सीएनजी में परिवर्तित किया गया है`

नमो घाट पर फ्लोटिंग सीएनजी मदर स्टेशन विश्व में पहला ऐसा सीएनजी स्टेशन है जो दिसंबर 2021 से चालू है। इस स्टेशन की संपीड़न क्षमता लगभग 15,000 किलोग्राम दिन सीएनजी की है जो प्रति दिन लगभग 1,000 -1,500 नौकाओं में सीएनजी भरने में सक्षम है` वर्तमान में वाराणसी में चलने वाली नौकाओं में 5 से 20 एचपी इंजन पावर के साथ 15 से 80 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता है हाल ही में गेल को इस परियोजना के लिए एशियाई तेल और गैस पुरस्कार कार्यक्रम में प्रतिष्ठित 'मिडस्ट्रीम प्रोजेक्ट ऑफ द ईयर - इंडिया' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है`

रविदास घाट पर नया स्टेशन सीएनजी मोबाइल रिफ्यूलिंग यूनिट (एमआरयू) है, अर्थात सीएनजी को नमो घाट से कैस्केड में भरा जाएगा और नौकाओं में ईंधन हेतु रविदास घाट तक जल मार्ग से पहुंचाया जाएगा, जो विश्व में इस प्रकार का पहला प्रयास है। इसकी क्षमता 4,000 किलोग्राम प्रति दिन है, जो प्रति दिन 300 से 400 नौकाओं को पूरा कर सकती है`

चूंकि सीएनजी डीजल की तुलना में अधिक कुशल ईंधन है अतः इससे नाविकों को अधिक बचत होती है क्योंकि पुराने डीजल इंजनों को कुशल सीएनजी इंजनों में परिवर्तित करने के कारण उन्हें लगभग 35-40% अधिक माइलेज मिल रहा है (1 किलोग्राम सीएनजी 1.39 लीटर पेट्रोल और 1.18 लीटर डीजल के बराबर ऊर्जा प्रदान करती है)` औसतन रूप से यह अनुमान लगाया गया है कि प्रत्येक नाविक ईंधन के रूप में सीएनजी का उपयोग करके संभावित रूप से लगभग 36,000 रुपये बचा सकता है`

सीएनजी सुरक्षित और कम प्रदूषणकारी है और डीजल की तुलना में काफी कम नाइट्रस ऑक्साइड (एनओएक्स) और सल्फर ऑक्साइड (एसओएक्स) उत्पन्न करता है` यह डीजल की तुलना में कम धुआं उत्पन्न करता है और गंधहीन है जो पवित्र नदी गंगा और वातावरण में प्रदूषण को कम करते हुए नाविकों और पर्यटकों को स्वास्थ्य लाभ और आराम प्रदान करता है` नौकाओं के कम कंपन के कारण डीजल इंजन की तुलना में इंजन के शोर में कमी के कारण नाव की सवारी का आनंद लेने वाले पर्यटकों के लिए यह आरामदायक और सुविधाजनक है।

## शिक्षा से ही मंजिल को पाना संभव: सीमा द्विवेदी

जौनपुर। माउंट लिट्रा स्कूल फतेहगंज के वार्षिकोत्सव में नन्हें-मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपने कौशल और प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। कार्यक्रम में बच्चों के नृत्य, गणेश वंदना सहित विभिन्न कार्यक्रमों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिससे व्यक्ति अपनी मंजिल को कठिन परिश्रम करके प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि यह स्कूल खोलकर सराहनीय कार्य किया। अब इस क्षेत्र के बच्चों को अच्छी शिक्षा ग्रहण करने के लिए दूर दराज नहीं जाना पड़ेगा। विशिष्ट अतिथि मार्डन सिक्योरिटी फोर्स के चेयरमैन एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्ञान प्रकाश सिंह ने कहा कि बच्चों की जब नींव मजबूत होगी तभी बच्चे भविष्य में अपनी मंजिल को आसानी से प्राप्त करेंगे। यह कार्य माउंट लिट्रा जी स्कूल बखूबी निभा रहा है। उन्होंने जनपद के विकास के लिए कहा कि तकनीकि शिक्षा को बढ़ावा देकर सर्वांगीण विकास किया जाएगा। कहा कि बड़े पैमाने पर कंपनी खोलकर रोजगार दिलाने के क्षेत्र में कार्य किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी आर.के. विश्वकर्मा ने कहा कि मौजूदा समय में बच्चों को तकनीकि शिक्षा पर जोर देने की जरूरत है, क्योंकि अन्य देश तकनीकि शिक्षा की बदौलत विकास कर रहे हैं। पूर्व डीजीपी ने अपनी नौकरी के दौरान इजराइल व अन्य देशों में जाकर मिले अनुभव को लोगों से साझा किया। जिले के पूर्व जिलाधिकारी व कृषि विकास के सचिव अनुराग यादव ने कहा कि बच्चों को सिर्फ स्कूल भेज देने से अभिभावकों की जिम्मेदारी समाप्त नहीं हो जाती है।

## जफराबाद जक्शन पर गंदगी का अम्बार

जौनपुर। जनपद के रेलवे जक्शन जफराबाद के प्लेटफार्म पर कई महीनों दिनों से सफाई कार्य न होने के कारण गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इसका कोई सुधि लेने वाला कोई नही है। जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह से मौन साधे हुए है। प्लेटफार्म पर गंदगी होने के कारण इस स्टेशन से ट्रेन पकड़ने वाले यात्रियों को हर दिन गंदगी के परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सभी प्लेटफार्मों पर भारी गंदगी के कारण यात्रियों को सीट पर बैठ कर अपनी ट्रेन का इंतजार करने की बजाय खड़े होकर ट्रेनों का इंतजार करना पड़ रहा है। गंदगी के कारण यहां से गुजरने वाले तमाम ट्रेनों के यात्रियों का जीना दुभर हो गया है। इस रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को पेयजल उपलब्ध कराने की गरज से लगाये गये नलों के पास इतनी ज्यादा गंदगी है कि यात्रियों को नलों से पानी लिए बगैर ही अपने ट्रेन में वापस लौटना पड़ता है।

## बुनकर की नगरी बहादुरगंज में मनाई गई देव दीपावली, छात्राओं ने बनाई रंगोली

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। रविवार के दिन शाम बुनकर नगरी बहादुरगंज में देव दीपावली के अवसर पर मां चंडी धाम परिसर में 4001 दीपक जलाकर देव दीपावली हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया वही मां चंडी धाम परिसर में स्थित सभी मंदिरों पर दीपक से भव्य रूप से सजाया गया मां चंडी धाम की प्रांगण में छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार की रंगोली बनाकर अपने-अपने कला को प्रस्तुत किया जिससे लोगों का मन मोह लिया सैकड़ो की संख्या में महिलाएं व पुरुषों ने रंगोली देखकर आनंद लिया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से गिरीश चंद्र निरंजन, कौशल



कुमार त्रिपाठी, डॉ अशोक कुमार राय, श्याम बिहारी वर्मा, विंध्याचल, रामायण राजभर, अखंड प्रताप सिंह, रामाधार साहनी, गोरख चौहान, विनोद प्रजापति, अजय सेठ, संतोष जायसवाल, सत्य सत्य प्रकाश बरनवाल ,आशीष कुमार मद्धेशिया, हरिशंकर राय, आदि उपस्थित रहे।

## आम आदमी पार्टी वाराणसी स्थापना दिवस व संविधान दिवस का कार्यक्रम संपन्न

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। राष्ट्रीय पार्टी आम आदमी पार्टी का स्थापना दिवस व संविधान दिवस का कार्यक्रम लक्ष्मी वाटिका उसरपुरवा शिवपुर में संपन्न हुआ `कार्यक्रम की अध्यक्षता ई.रमाशंकर सिंह पटेल जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी वाराणसी , संचालन प्रो. अखिलेश पाण्डेय जिला महासचिव आम आदमी पार्टी वाराणसी` कार्यक्रम प्रदेश कमेटी देवकांत वर्मा नि.प्रदेश सचिव आप उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय कार्यपरिषद सदस्य आम आदमी पार्टी उपस्थित रहे`

काशी प्रांत - कैलाश पटेल वरिष्ठ उपाध्यक्ष ,जिला प्रभारी आप जौनपुर पूर्व विधायक प्रत्याशी सेवापुरी विधानसभा, गुलाब सिंह राठौर जिला सह प्रभारी आप जौनपुर, घनश्याम पाण्डेय पूर्व जिला मीडिया प्रभारी,मोहम्मद यूसुफ सहित वरिष्ठगण उपस्थित रहे

जिला कार्यकारिणी मुख्य विंग - ई.रमाशंकर सिंह पटेल जिलाध्यक्ष,प्रो.अखिलेश पांडेय जिला महासचिव, राहुल दिवेदी एडवोकेट जिला उपाध्यक्ष प्रभारी उत्तरी विधानसभा,प्रमोद श्रीवास्तव जिला कोषाध्यक्ष प्रभारी कैंट



विधान सभा, रोहित मौर्या जिला सोशल मीडिया प्रभारी, वर्तिका बेनवंशी जिला सचिव, राजेश सिंह जिला कार्यकारिणी सदस्य`

विधानसभा मुख्य विंग - 1- पियूष श्रीवास्तव अध्यक्ष उत्तरी विधानसभा, प्रो. श्रीकांत चौबे, हेमंत श्रीवास्तव उत्तरी विधानसभा`

2 - निलेश कुमार सिंह अध्यक्ष दक्षिणी विधानसभा, मुन्ना यादव वार्ड अध्यक्ष कोनिया वार्ड दक्षिणी विधानसभा`

3 - सुनील तिवारी अध्यक्ष कैंट विधानसभा,बनारसी पटेल वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैंट विधानसभा`

4- प्रेम कुमार यादव अध्यक्ष अजगरा विधानसभा आप वाराणसी,राजेश यादव ब्लॉक उपाध्यक्ष हरहुआ ब्लॉक अजगरा विधानसभा आप वाराणसी।

## आम आदमी पार्टी ने मनाया स्थापना दिवस

जौनपुर। आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं द्वारा पार्टी का स्थापना दिवस एवं देश का संविधान दिवस बड़े ही धूमधाम से पार्टी कार्यालय पर मनाया गया। जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह (मुन्ना) ने कहा कि आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकताओं की मेहनत और लोगों के प्यार के कारण आम आदमी पार्टी ने भारतीय राजनीति में कई इतिहास रचे हैं। केजरीवाल ने 26 नवंबर, 2012 को पार्टी की स्थापना की थी। उन्होंने इस दिन पार्टी बनाने का फैसला किया, क्योंकि 1949 में इसी दिन भारत के संविधान को अपनाया गया था। जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव ने कहा कि हम सभी के लिए बहुत ही गौरवशाली दिन है क्योंकि आज ही के दिन हमारे पार्टी का स्थापना हुआ था और हमें एक एक ऐसी पार्टी प्राप्त हुई जो आम जनता के लिए कार्य करती है जनता के बारे में सोचती है उन्हें मुफ्त में सुविधाएं देती है। जिला सचिव शैलेंद्र यादव ने कहा कि आज के दिन ही देश का संविधान दिवस मनाया जाता है और आज ही के दिन आम आदमी पार्टी की स्थापना भी हुई थी यह हम सभी कार्यकताओं के लिए बहुत ही गर्व की बात है।

## खेत जोतकर लौट रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटा, दो गंभीर घायल



प्रखर बिरनो गाजीपुर। खेत से जुताई कर गांव लौट रहा तेज गति से जा रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रैक्टर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को बिरनो सीएचसी भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार बिरनो थाना क्षेत्र के बिशुनपुरा गोपालपुर गांव निवासी संदीप यादव उम्र 32 वर्ष पुत्र शिवदान यादव व सुनील यादव उम्र 28 वर्ष पुत्र सिदान यादव ने बताया कि सोमवार की सुबह जुताई के बाद वह घर की ओर आने लगे। अचानक भवरहा गांव के नहर के क्षतिग्रस्त पुलिया पर ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें टैक्टर चालक समेत एक युवक घायल हो गये। आस पास के लोगों ने दोनो को प्राइवेट वाहन से सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक इलाज के बाद डाक्टरों ने दोनो को घर के लिए भेज दिया गया । वहीं दूसरी तरफ ग्रामीणों का कहना है कि नहर विभाग का क्षतिग्रस्त पुलिया को लेकर कई बार क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया लेकिन जनप्रतिनिधियों के द्वारा सिर्फ आश्वासन ग्रामीणों को दिया गया वहीं ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व विभागीय अधिकारी किसी बड़ी घटना के इंतजार में है ग्रामीणों ने बताया कि इस छात्राग्रस्त पुलिया पर आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं कई लोग अस्पताल में कई महीनो तक भर्ती भी हो चुके हैं।

## केवीआईसी अध्यक्ष ने तेलियाबाग परिसर में किया राज्य स्तरीय खादी प्रदर्शनी का शुभारंभ

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। खादी और ग्रामोद्योग आयोग केवीआईसी सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के अध्यक्ष मनोज कुमार ने वाराणसी के तेलियाबाग स्थित केवीआईसी के मंडलीय कार्यालय परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय खादी प्रदर्शनी का उद्घाटन किया` 24 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलने वाली इस राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों की खादी संस्थाएं पीएमईजीपी आरईजीपी यूनिट स्फूर्ति इकाइयां खादी और ग्रामोद्योगी उत्पादों का प्रदर्शन कर रही हैं` प्रदर्शनी में सूती ऊनी ऊनी खादी सिल्क खादी पॉली खादी रेडीमेड वस्त्र सिल्क साड़ी लेडीज सलवार सूट एवं मोदी जैकट समेत विभिन्न खादी उत्पाद बिक्री के लिए रखे गये हैं जबकि ग्रामोद्योगी उत्पादों में आर्गेनिक शहद हर्बल कॉस्मेटिक आइटम चर्म निर्मित उत्पाद शैम्पू साबुन पॉटरी के विभिन्न उत्पाद आचार आंवला के विभिन्न उत्पाद




जैसे कैंडी बर्फी मुरब्बा आंवला जूस बिक्री के लिए उपलब्ध हैं राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के उद्घाटन से पूर्व मनोज कुमार ने वाराणसी के चार नवीनीकृत खादी आउटलेट का शुभारंभ भी किया` कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय खादी प्रदर्शनी में काशीवालों को वोकल फॉर लोकल और 'मिनी इंडिया' की झलक दिखाई देगी` यहां पर उत्तर प्रदेश जम्मू कश्मीर नागालैंड उत्तराखंड मध्य प्रदेश राजस्थान दिल्ली बिहार पश्चिम बंगाल की खादी संस्थाओं और पीएमईजीपी इकाइयों के 71 स्टालों पर खादी और ग्रामोद्योगी उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध हैं उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में वोकल फॉर लोकल' की क्रांति चल रही है। इस क्रांति का सबसे अधिक लाभ खादी और ग्रामोद्योगी उत्पादों को मिल रहा है` उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर 2023 जयंती के दिन दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित फ्लैगशिप खादी भवन में एक दिन में 1.52 करोड़ रुपये के खादी उत्पादों की बिक्री हुई है जो इस बात का प्रमाण है कि भारत के लोग अपने लोकल उत्पादों के प्रति वोकल हुए हैं उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पिछले वित्तवर्ष में इतिहास रचते हुए खादी और ग्रामोद्योगी उत्पादों का कारोबार 1.34 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया जबकि एक वर्ष में सर्वाधिक 9.54 लाख नये रोजगार सृजन का रिकॉर्ड 2/3 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार स्टाम्प व न्यायालय शुल्क तथा पंजीयन रविंद्र जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के की प्रेरणा से गांव गांव तक रोजगार पहुंचाने के लिए खादी और ग्रामोद्योग आयोग लगातार प्रयत्नशील है पिछले 9 वर्षों में आयोग ने वाराणसी में रोजगार सृजन के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किये हैं` राज्य स्तरीय खादी प्रदर्शनी के उद्घाटन से पूर्व मनोज कुमार ने वाराणसी के सिगरा स्थित क्षेत्रीय गांधी आश्रम सेवापुरी की खादी संस्था कृषक विकास ग्रामोद्योग संस्थान मडुवाडीह स्थित जन कल्याण खादी ग्रामोद्योग परिषद और नैपुरा कलां स्थित जनहित नायक खादी समिति के नवीनीकृत खादी भंडारों का शुभारंभ किया इन सभी खादी संस्थाओं को आउटलेट के नवीनीकरण हेतु केवीआईसी ने आर्थिक सहा प्रदान की है` उक्त कार्यक्रम में सदस्य विधान परिषद उ.प्र. हंसराज विश्वकर्मा केवीआईसी के उत्तर क्षेत्र के सदस्य नागेंद्र रघुवंशी समेत उत्तर प्रदेश सरकार और केवीआईसी के अधिकारी और कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बैजुबाबा की मूर्ती का अनावरण, टोल द्वारा भंडारे व बिरहा का आयोजन किया गया

अहरौरा, मिर्जापुर। बैजू बाबा आश्रम में प्रयास ट्रस्ट के माध्यम से बैजू बाबा की मूर्ति का अनावरण किया गया तथा इस शुभ अवसर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। जिसमे कई अस्पतालों ने सहयोग दिया। जीवक मेडिकल के द्वारा आंखों की जांच की गई लगभग 120 मरीजो में 10 मरीज मोतियाबिंद के मरीज चिन्हित किये तथा साई अस्पताल रॉक हिल सिटी अस्पताल ने मिलकर करीब 300 मरीजो की स्वास्थ्य की जांच तथा रक्तदान में 30 लोगो ने सहभागिता ली। उपरोक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रयास ट्रस्ट के अध्यक्ष राम अवध यादव ने की तथा सहभागिता राजकुमार एवम निरंजन पाठक आदि ने की।

### भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता राजेन्द्र गिरी की दुकान में लगी अज्ञात कारणों से आग



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री दयाशंकर पांडेय के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने आज मंडल- सदर पश्चिमी के ग्राम ढेलवा, थाना- नन्दगंज निवासी पार्टी के अत्यंत वरिष्ठ बूथ स्तरीय कार्यकर्ता राजेन्द्र गिरी के लकड़ी की गोमती में स्थापित किराने की दुकान मे 23 नवम्बर को रात्रि में अज्ञात कारणों से लगी आग में सब कुछ जलकर राख हो गया,जो राजेन्द्र गीरी एवं उनके परिवार के जीविकोपार्जन का एक मात्र साधन था का निरीक्षण किया, राजेन्द्र गीरी के एक कमासुत पुत्र की विगत वर्ष सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई है। तथा विगत 15 नवम्बर को कोतवाली क्षेत्र के बीकापुर मे फर्नीचर दुकान में हुई ट्रेक्टर दुर्घटना में घायल मजदूर आदर्श गांव निवासी उमेश विश्वकर्मा के अस्पताल में चिकित्सा के दौरान हुए निधन पर उनके घर पहुंच कर मृतक के पिता, पत्नी और छोटे छोटे अबोध बच्चों से मिलकर सांत्वना दिया तथा हर संभव सरकारी सहायता के लिए प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता कर उचित कार्यवाही का अनुरोध किया।इस अवसर पर जिला मंत्री सुरेश बिन्द, अच्छेलाल गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, मंडल अध्यक्ष गोपाल राय, मुरली कुशवाहा, अरविन्द सिंह आदि उपस्थित थे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत लोक संवाद के तीसरे दिन दिलाई गई पांच प्रण की शपथ



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत लोक संवाद कार्यक्रम विकास खण्ड मोहम्मदाबाद के ग्राम अबादन उर्फ बैरान में खण्ड विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधान ग्रामीण संवाद यात्रा के क्रम में आज तिसरे दिन निर्धारित ग्राम पंचायतों में उत्साह के साथ गाजीपुरवासियों ने सहभागिता किया। आजादी के 100वीं वर्षगाठ 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के क्रम में मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 15 अगस्त 2022 को लाल किले के प्राचीर से पंचप्रण की शपथ दिलायी गयी थी। भारत को विकसित बनाने की दिशा में विकसित भारत संकल्प यात्रा एक महत्वपूर्ण कड़ी है। खण्ड विकास अधिकारी व जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थित ग्रामवासियों को पंचप्रण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मा0 प्रधानमंत्री जी का रिकार्ड किया गया वीडियों संदेश एवं विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियों का प्रसारण उपस्थित लोगों ने देखा व आत्मसात किया। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थियों ने मेरी कहानी, मेरी जुबानी कार्यक्रम के अन्तर्गत अपने अनुभव साझा करते हुए दूसरे लोगों को प्रेरित किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विभिन्न विभागो के स्थाट लगाये गये जिसमें अधिक से अधिक लोगो को सरकार की महत्वूर्ण योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हे लाभ दिया गया। उपस्थित महिला स्वयं समूंह की सदस्यों, स्कूल छात्र/छात्राओं व स्थानीय कलाकारों द्वारा धरती कहे पुकार के सांस्कृतिक प्रस्तुति देते हुए स्वच्छता गीत से लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं व खिलाड़ियों व अन्य लोगों को अभिनन्दन करते हुए पुरस्कृत किया गया। ग्राम पंचायत की उपलब्धियों का जश्न मनाते हुए भूमि रिकार्ड का शत-प्रतिशत डिजिटलीकरण, ओ0डी0एफ0 प्लस स्थिति, जल जीवन मिशन की संतृप्ति पर बल दिया गया। ऑन-स्पॉट सेवाओं के अन्तर्गत स्वास्थ्य शिविर (टीबी स्क्रीनिंग, एनीमिया) पीएम उज्ज्वला नया नामांकन और बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण, पीएम किसान योजना में नया पंजीकरण, ई के0वाई0सी0, मेरा भारत स्वयं सेवक नामांकन की सुविधाओं से ग्रामवासियों को आच्छादित किया गया। राजस्व विभाग के अन्तर्गत लाभार्थियों को घरौनी का वितरण/स्वामित्व योजना से संतृप्त किया गया। ग्राम विकास विभाग के अन्तर्गत पक्का गॉव, पक्का घर का उत्सव मनाते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं समूह सखियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। मनरेगा जाब-कार्ड धारकों सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों ने अपनी जुबानी में अपने लाभ/सफलता की कहानी सुनाकर लोगों को प्रेरित किया। सहकारिता विभाग के अन्तर्गत ग्रामीणों को सहकारी समिति का सदस्य बनाकर प्रमाण पत्र देते हुए उन्हें लाभान्वित किया गया। रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों जैसे ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के प्रयोग का प्रदर्शन व प्रचार-प्रसार किया गया। बेसिक शिक्षा विभाग के छात्रों द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्रामीण संवाद यात्रा कार्यक्रम पर सरस्वती बन्दना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गयी। अग्रणी जिला प्रबन्धक के द्वारा बैंक स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ईकेवाईसी, आधार से लिंक, किसान क्रेडिट कार्ड, मुद्रा लोन, व्यवसायिक लोन से वंचित लोगों को संतृप्त करते हुए प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कृषि विभाग द्वारा जागरूकता स्टॉल लगाते हुए विभिन्न कृषि/कृषक आधारित योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कृषि विभाग द्वारा मृदा परीक्षण, प्राकृतिक खेती, श्रीअन्न/मिलट्स की उपयोगिता, स्थानीय कृषि उत्पादन संगठनों के उत्पादन के प्रति प्रदर्शनी रबी अभियान के अन्तर्गत प्रगतिशील कृषकों द्वारा उच्च उत्पादकता प्राप्त करने हेतु संवाद कार्यक्रम किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत स्टॉल के माध्यम से चिकित्सा परीक्षण एवं आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। पशुपालन विभाग के स्टॉल के अन्तर्गत पशुओं सामयिक टीकाकरण व रोगों के बारे में कृषकों को जागरूक किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### पाकिस्तान में राष्ट्रपति हटाने के लिए याचिका

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर राष्ट्रपति आरिफ अल्वी को 'कदाचार' और अपने कर्तव्यों के पालन में निष्पक्षता बनाए रखने में विफलता के लिए राष्ट्राध्यक्ष के पद से हटाने का अनुरोध किया गया है। रविवार को एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। 'डॉन' की खबर के अनुसार, शनिवार को गुलाम मुर्तजा खान द्वारा दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि राष्ट्रपति अपने संवैधानिक दायित्वों को निभाने से बच रहे हैं। याचिका में कहा गया, राष्ट्रपति ने संविधान का उल्लंघन किया है और घोर कदाचार किया है, इसलिए, वह राष्ट्रपति के रूप में अपने कर्तव्यों को जारी रखने के योग्य नहीं हैं और यह घोषित करने की आवश्यकता है कि उन्हें पाकिस्तान के राष्ट्रपति के पद पर बरकरार नहीं रहना चाहिए।

### सिएरा लियोन में सैन्य बैरकों पर हमले के बाद कर्फ्यू

**फ्रीटाउन।** सिएरा लियोन के राष्ट्रपति जूलियस मैडा बायो ने पश्चिम अफ्रीकी देश की राजधानी में बंदूकधारियों द्वारा सैन्य बैरकों पर हमला किए जाने के बाद रविवार को देशव्यापी कर्फ्यू की घोषणा की। राष्ट्रपति ने 'एक्स'पर अपने पोस्ट में कहा, अज्ञात बंदूकधारियों ने राजधानी फ्रीटाउन में बैरकों के भीतर एक सैन्य शस्त्रागार पर सुबह हमला कर दिया। उन्होंने कहा, सुरक्षाबलों ने बंदूकधारियों को खदेड़ दिया और 'शांति व्यवस्था कायम कर दी गई है। राष्ट्रपति ने कहा, देशव्यापी कर्फ्यू घोषित कर दिया गया है और नागरिकों को घरों के अंदर रहने की सलाह दी जाती है..। बायो को जून में दूसरे कार्यकाल के लिए चुना गया था।

### हमास के उत्तरी गाजा के शीर्ष कमांडर की मौत

**दीर अल-बलाह।** हमास ने कहा है कि इजराइल के साथ युद्ध में उसका एक शीर्ष कमांडर मारा गया है। चरमपंथी समूह ने रविवार को अहमद अल-गंदौर की मौत की घोषणा की। इसने हालांकि यह नहीं बताया कि वह कब और कहां मारा गया। अल-गंदौर समूह की सशस्त्र शाखा का एक उच्चपदस्थ सदस्य और उत्तरी गाजा में हमास का शीर्ष कमांडर था। वाशिंगटन स्थित 'काउंटर एक्सट्रीमिज्म प्रोजेक्ट' के अनुसार, 2002 तक उसे मारने के लिए इस्राइल द्वारा किए गए कम से कम तीन प्रयासों में वह बच गया था।

# हिंदू समाज को मजबूत करने के संकल्प के साथ विश्व हिंदू सम्मेलन संपन्न

**बैंकॉक (भाषा)।** हिंदू संगठनों के बीच एकता को मजबूत करने और सनातन धर्म के खिलाफ 'भावनाओं के आधार पर फैलायी गई नफरत' एवं पूर्वाग्रहों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के संकल्प के साथ तीन दिवसीय विश्व हिंदू सम्मेलन रविवार को यहां संपन्न हो गया।

सम्मेलन के दौरान समानांतर सत्रों में, प्रतिनिधियों ने विदेशों में चुने गए हिंदू जन प्रतिनिधियों को संघों के माध्यम से संगठित करके और उनके बीच संवाद बढाकर उनके खिलाफ राजनीतिक विमर्श से लड़ने के लिए समर्थन करने का भी संकल्प लिया। आयोजकों ने घोषणा की कि अगला विश्व हिंदू सम्मेलन 2026 में मुंबई में आयोजित किया जाएगा। प्रतिनिधियों को भुरभरे और सख्त लड्डू वितरित कर हिंदू एकता का संदेश दिया गया। प्रतिनिधियों को वितरित किये गए लड्डू के डिब्बे पर संदेश लिखा था, दुर्भाग्य से, वर्तमान में हिंदू समाज एक भुरभुरे लड्डू जैसा है, जिसे आसानी से तोड़ा जा सकता है और फिर आसानी से खाया जा सकता है। इसमें कहा गया, एक बड़ा सख्त लड्डू मजबूती से बंधा हुआ और एकजुट होता है तथा इसे आसानी से नहीं तोड़ा जा सकता है। हिंदू समाज को एक बड़े सख्त लड्डू की तरह होना चाहिए, जिसे तोड़ना बहुत मुश्किल हो। तभी यह शत्रु ताकतों से अपनी रक्षा कर पाएगा।

**अगला विश्व हिंदू सम्मेलन 2026 में मुंबई में आयोजित किया जाएगा**

थाईलैंड की राजधानी में यहां आयोजित किया गया यह सम्मेलन हिंदू संगठनों के बीच एकता को मजबूत करने और सनातन धर्म के खिलाफ 'भावनाओं के आधार पर फैलाई गई नफरत' एवं पूर्वाग्रहों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के संकल्प के साथ संपन्न हुआ। आयोजकों के अनुसार, 61 देशों के 2,100 से अधिक प्रतिनिधियों ने सम्मेलन में हिस्सा लिया, जिसका उद्घाटन शुक्रवार को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने किया था, जबकि आध्यात्मिक गुरु माता अमृतानंदमयी देवी ने रविवार को समापन भाषण दिया।

आरएसएस प्रमुख ने दुनिया भर में रहने वाले हिंदुओं से लोगों के साथ अपने संबंध मजबूत करने की भावुक अपील की। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म शांति और प्रसन्नता का मार्ग दिखाता है और संपूर्ण मानवता को सभी प्राणियों के अस्तित्व की आत्मा मानता है। विश्व हिंदू कांग्रेस के संस्थापक स्वामी विज्ञानानंद ने कहा, कोरोना महामारी के दौरान हिंदुओं से संपर्क करने की प्रक्रिया धीमी हो गई थी।

हम अब इस प्रक्रिया को फिर से गति दे रहे हैं। मंदिरों की उन जमीन को ईसाई संगठनों के नियंत्रण से वापस पाने पर भी ध्यान दिया जाएगा, जिनपर कॉलेज और अन्य संस्थानों का निर्माण कर दिया गया है। ये मंदिर की जमीन हैं जिनकी पट्टे की अवधि समाप्त हो चुकी है।

## रिहा फिलिस्तीनी कैदियों को लेकर वेस्टबैंक पहुंची रेडक्रॉस की बस

**वेस्टबैंक (एपी)।** हमास द्वारा 13 इस्राइली और चार विदेशी बंधकों को छोड़े जाने के बाद इस्राइल द्वारा रिहा किए गए 36 फिलिस्तीनी लोगों को लेकर एक बस रविवार तड़के वेस्ट बैंक पहुंची। हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों और इस्राइल में फिलिस्तीनी कैदियों की अदला-बदली के दूसरे दौर के तहत इन बंधकों और कैदियों को रिहा किया गया है। अल बिरेह पहुंचने पर सैकड़ों लोगों ने रेडक्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति की बस का स्वागत किया। भीड़ ने बस के पहुंचते ही 'अल्लाह हू अकबर' के नारे लगाए। बस की छत पर कई युवा पुरुष खड़े हो गए। भीड़ में मौजूद कई लोगों ने हमास के झंडे पकड़ रखे थे। उन्होंने हमास के समर्थन में नारेबाजी की।

इस्राइली सेना ने कहा, हमास द्वारा छोड़े गए बंधकों में चार लोग थाईलैंड के नागरिक हैं। इन बंधकों को इस्राइल ले जाया गया है और उन्हें उनके परिवारों से मिलाया जा रहा है। हमास ने एक वीडियो जारी किया है जिसमें बंधक घबराए और कांपते हुए नजर आ रहे हैं, लेकिन इनमें से अधिकतर की सेहत ठीक प्रतीत हो रही है। वीडियो में नकाबपोश चरमपंथी उन्हें रेडक्रॉस के वाहन की ओर ले जाते दिख रहे हैं। अपनी रिहाई के तुरंत बाद नूरहान अवाद नाम की महिला यरूशलेम के पास कलंदिया शरणार्थी शिविर में जब पहुंचीं तो सैकड़ों लोगों ने उसका एक नायिका की तरह स्वागत किया।

# जांच पूरी होने से पहले ही भारत को 'दोषी' करार दे दिया गया

**ओटावा (भाषा)।** कनाडा में भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ने कहा है कि कनाडा में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत 'कतई' शामिल नहीं था और ओटावा ने जांच पूरी होने से पहले ही नई दिल्ली को 'दोषी' करार दिया है। वर्मा ने यह टिप्पणी 'सीटीवी न्यूज' के साथ एक साक्षात्कार के दौरान की।

ब्रिटिश कोलंबिया में 18 जून को निज्जर की हत्या में भारत के एजेंटों की 'संभावित संलिप्तता' संबंधी कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद दोनों देशों के संबंधों में तनाव पैदा हो गया था। भारत ने 2020 में निज्जर को आतंकी घोषित किया था। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को 'बेतुका' और किसी मकसद से 'प्रेरित' बताकर खारिज किया है। रविवार को प्रसारित साक्षात्कार के दौरान, वर्मा से पूछा गया कि भारत जांच में कनाडा के साथ सहयोग क्यों नहीं कर रहा है, इस पर उन्होंने कहा, जांच पूरी हुए बिना ही भारत को दोषी ठहराया गया। क्या यही कानून का शासन है? यह पूछे जाने पर कि भारत को कैसे दोषी ठहराया गया, वर्मा ने जवाब दिया, क्योंकि भारत को सहयोग करने के लिए कहा गया था। और यदि आप विशिष्ट आपराधिक शब्दावली को देखें, जब कोई हमसे सहयोग करने के लिए कहता है, तो इसका अर्थ है कि आपको पहले ही दोषी ठहराया जा चुका है और बेहतर होगा कि आप सहयोग करें।

**कनाडा में भारत के उच्चायुक्त ने कहा**

इसलिए हमने इसे बिल्कुल अलग अर्थ में लिया। उन्होंने कहा, लेकिन, हमने हमेशा कहा है कि अगर कुछ विशिष्ट और प्रासंगिक है, और हमें उसकी जानकारी दी जाए तो हम उस पर गौर करेंगे। यह पहले दिन से कहा गया था। निश्चित रूप से, हमने सहयोग शब्द का उपयोग नहीं किया है क्योंकि हमें लगता है कि यह अपमानजनक है।

वर्मा ने कहा, भारत कनाडा में निज्जर की हत्या में किसी तरह से शामिल नहीं है। उच्चायुक्त ने कहा, हमने उस समय भी कहा था कि यह एक प्रेरित और बेतुका आरोप है। और यह अभी भी एक आरोप ही है।

# कई घंटों देर से रिहा किए बंधक और कैदी

## इस्राइल-हमास युद्ध विराम

**दीर अल बलाह (एपी)।** चरमपंथी संगठन हमास द्वारा 13 इस्राइली और चार विदेशी बंधकों को रिहा किए जाने के बाद इस्राइल ने कम से कम 36 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा कर दिया। इसके साथ, इस्राइल और हमास के बीच तनावपूर्ण युद्धविराम आगे बढ़ता नजर आ रहा है।

हमास ने शनिवार को इस्राइल पर समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था, जिसके चलते बंधकों और कैदियों की रिहाई में कई घंटों की देरी हुई। शनिवार देर रात मध्य तेल अवीव में हजारों लोग एकत्रित हुए और उन्होंने हमास द्वारा सात अक्टूबर को बंधक बनाए गए सभी 240 लोगों को रिहा करने की मांग की।

उन्होंने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर बंधकों को वापस लाने के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं करने का आरोप भी लगाया। युद्ध में 1200 से अधिक इस्राइली नागरिकों की जानें जा चुकी हैं। हमास शासित गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया, 13,300 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें लगभग दो तिहाई महिलाएं और बच्चे हैं।

हमास ने रविवार को घोषणा की थी कि उसके शीर्ष कमांडरों में से एक अहमद अल-घंडोर मारा गया है। उसने इस बारे कोई और जानकारी नहीं दी। वह उत्तरी गाजा का प्रभारी था और लड़ाई में मारे गए शीर्ष चरमपंथियों में शामिल है। हमास ने इस्राइल पर सात अक्टूबर को अप्रत्याशित हमला कर करीब 240 लोगों को बंधक बना लिया था, जिसके बाद इस्राइल ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए गाजा पट्टी पर हमला किया। कतर, मिस्र और अमेरिका की मध्यस्थता से इजराइल और हमास के बीच शुक्रवार को शुरू हुए चार दिवसीय युद्धविराम के दौरान कुल 50 इस्राइली बंधकों और 150 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया जाना है।





हमास द्वारा रिहा किए गए बंधकों में से ढाई वर्षीय अवीव अशर, उसकी साढ़े चार वर्षीय बहन रज़ अशर और मां डोरोन (बाएं) और छह वर्षीय अमेलिया अलोनी और उसकी मां डैनियल इस्राइल के निर्दिष्ट मेडिकल सेंटर में अपने परिजनों के बीच।

इस्राइल ने कहा, प्रत्येक अतिरिक्त 10 बंधकों की रिहाई के लिए युद्ध विराम की अवधि को एक दिन आगे बढ़ाया जा सकता है, लेकिन उसने युद्धविराम समाप्त होने के बाद हमले शुरू करने की बात कही है। इस्राइल ने रविवार तड़के कहा कि उसे बंधकों की एक नई सूची प्राप्त हुई है जिन्हें तीसरे चरण में रिहा किया जाना है। शुक्रवार सुबह प्रभावी हुए इस युद्धविराम से गाजा के 23 लाख लोगों को राहत मिली, जो पिछले कई हफ्तों से इस्राइल द्वारा की जा रही लगातार बमबारी से परेशान हैं और मूलभूत जरूरत की चीजों की आपूर्ति की कमी से जूझ रहे थे। इस बमबारी में हजारों लोगों की जान चली गई, तीन-चौथाई आबादी बेघर हो गई और आवासीय क्षेत्र नष्ट हो गए।

## हमास ने हमले की योजना 5 अप्रैल के लिए बनाई गई थी

**तेल अवीव (आईएएनएस)।** हमास ने शुरू में पासओवर की पूर्व संध्या के लिए अपने हमले की योजना बनाई थी, लेकिन इस्राइल के अलर्ट का स्तर बढ़ने के बाद योजना को रद्द कर दिया था। इस्राइली मीडिया ने ये जानकारी दी। टाइम्स ऑफ इस्राइल की रिपोर्ट में कहा गया है, इस्राइली सैन्य खुफिया ने पासओवर (फसह) पर हमले के शुरुआती संकेत पकड़ लिए, जो इस साल 5 अप्रैल को पड़ा था, और अलर्ट बढ़ा दिया, जिससे हमास को अपनी योजना रद्द करनी पड़ी। आईडीएफ ने इस घटना को फॉल्स अलार्म माना। टाइम्स ऑफ इस्राइल की रिपोर्ट के अनुसार, उस प्रयास के बाद की अवधि में, हमास ने, अपने रैंकों में इस्राइली मुखबिरों के डर से, अपनी आंतरिक सुरक्षा बढ़ा दी और अपने अधिकांश सदस्यों को बाद की योजनाओं और घुसपैठ के नए समय से अनजान रखा।

7 अक्टूबर की सुबह, सिमचैट तोराह के यहूदी अवकाश पर, लगभग 3,000 आतंकवादी गाजा पट्टी से जमीन, वायु और समुद्र के रास्ते सीमा पार कर इस्राइल में घुस गए, और लगभग 1,200 लोगों को मौत के घाट इतार दिया, साथ ही 240 से अधिक को बंधक बना लिया।

इस्राइली कस्बों और शहरों पर हजारों रॉकेट दागे गए। अब तक लगभग 50 बंधकों को रिहा कर दिया गया है, जिनमें कतर के नेतृत्व वाले समझौते के तहत 26 महिलाएं और बच्चे और 15 विदेशी नागरिक शामिल हैं। योजनाबद्ध फसह हमले के खुलासे के बाद पिछले महीने कई अन्य खुलासे हुए, जिसमें संभावित आक्रमण पर आईडीएफ की खुफिया जानकारी सामने आई, जिसमें गाजा सीमा पर निगरानी सैनिकों द्वारा दर्ज की गई रिपोर्ट भी शामिल थी, जिसमें 7 अक्टूबर से तीन महीने पहले असामान्य हमास प्रशिक्षण अभ्यास का विवरण दिया गया था।

# 60 साल बाद ध्वनि राकेट के लिए उल्टी गिनती कर इतिहास दोहराया

**तिरुवनंतपुरम (भाषा)।** भारत के पहले 'ध्वनि रॉकेट' प्रक्षेपण के समय उल्टी गिनती करने वाले वैज्ञानिक प्रमोद पुरुषोत्तम काले ने 60 साल बाद शनिवार को एक अन्य रॉकेट के प्रक्षेपण से पहले उल्टी गिनती शुरू कर इतिहास दोहराया।

छह दशक पहले केरल में तिरुवनंतपुरम के पास थुम्बा स्थित अस्थायी इक्वेटोरियल प्रक्षेपण स्थल से एक रॉकेट को प्रक्षेपित करने के मौके पर युवा वैज्ञानिक प्रमोद पुरुषोत्तम काले ने आत्मविश्वास के साथ 20 सेकंड की उल्टी गिनती (काउंटडाउन) शुरू की थी, तब देश का अंतरिक्ष कार्यक्रम अपने शुरुआती चरण में था। लेकिन शनिवार को इतिहास ने खुद को दोहराया जब विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में 80 वर्ष से अधिक उम्र के काले ने एक बार फिर रॉकेट प्रक्षेपण के लिए उल्टी गिनती का मार्गदर्शन करने के लिए माइक्रोफोन उठाया।

**छह दशक पहले तिरुवनंतपुरम में रॉकेट को प्रक्षेपित करने को युवा वैज्ञानिक काले ने 20 सेकंड की उल्टी गिनती शुरू की थी**

काले महान वैज्ञानिक विक्रम साराभाई के समर्पित शिष्य रहे हैं। नये रॉकेट का प्रक्षेपण उसी स्थान से किया गया जहां से 21 नवंबर, 1963 को भारत के पहले 'ध्वनि रॉकेट' को प्रक्षेपित किया गया था। काले ने कहा कि याद रखने वाली सबसे अहम बात यह है कि देश के पहले 'ध्वनि रॉकेट' का प्रक्षेपण सूर्यास्त के बाद देर शाम को किया गया था और खुद वह उलटी गिनती कर रहे थे। प्रसन्नचित काले ने उन दिनों को याद करते हुए कहा, 'मैंने घड़ी विकसित कर ली थी, लेकिन वह घड़ी ऊपर की गिनती कर रही थी, नीचे की नहीं। इसलिए उन्होंने मुझसे उलटी गिनती करने के लिए कहा था।'

## संघर्ष विराम के दौरान हमास नेताओं को छूट नहीं : इस्राइल

**तेल अवीव (आईएएनएस)।** हमास और इस्राइल के बीच चार दिवसीय युद्धविराम जारी है। बंधकों के दो समूहों को शुक्रवार और शनिवार को रिहा किया गया है। इस्राइली सरकार ने अपनी खुफिया एजेंसी मोसाद को हमास के वरिष्ठ नेताओं की हत्या करने का आदेश दिया है। इस्राइल सरकार के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि कतर और मिस्र के मध्यस्थों को कोई आश्वासन नहीं दिया गया कि युद्धविराम के दौरान और उसके बाद भी हमास के नेताओं को कोई छूट मिलेगी। इस्राइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने मीडियाकर्मियों को स्पष्ट रूप से बताया कि हमास के वरिष्ठ नेता, इस्माइल हनीयेह, खालिद मशाल, याह्या सिनवार और मोहम्मद दीफ अंतिम दिन गिन रहे हैं और वे जल्द ही मारे जाएंगे, भले ही वे दुनिया के किसी भी कोने में छुपे हों।

इस्राइल सरकार के सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कतर को पुष्टि की है कि इन नेताओं को उसकी धरती पर नहीं मारा जाएगा, कतर मध्यस्थता वार्ता में प्रवेश के लिए एक आश्वासन चाहता है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, इस्राइल खलील अल-हया को भी निशाना बना रहा है, जो हमास के पोलित ब्यूरो का सदस्य है और याह्या सिनवार और मोहम्मद दीफ के बाद सैन्य अभियानों में दूसरे स्थान पर है। 7 अक्टूबर के नरसंहार और दक्षिणी इस्राइल में तबाही के लिए जिम्मेदार यही दो व्यक्ति हैं।

# गजवा-ए-हिंद मॉड्यूल मामले में NIA की कई राज्यों में छापेमारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रविवार को पाकिस्तान समर्थित गजवा-ए-हिंद मॉड्यूल मामले में बहु-राज्य छापे मारे, जिससे आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण जब्त किए गए।

छापेमारी में उन संदिग्धों के पाकिस्तान स्थित आकाओं के साथ संबंधों का भी पता चला, जिनके परिसरों की आज तलाशी ली गई। ये संदिग्ध संचालकों के संपर्क में थे और गजवा-ए-हिंद के कट्टरपंथी, भारत-विरोधी विचार का प्रचार-प्रसार करने में शामिल थे।

यह छापेमारी मध्य प्रदेश के देवास जिले, गुजरात के गिर सोमनाथ जिले, उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले और केरल के कोझिकोड जिले में संदिग्धों के परिसरों पर की गई। मोबाइल फोन और सिम कार्ड के अलावा, एनआईए की कार्रवाई के दौरान आरसी-32/2022/एनआईए-डीएलआई, जिसे आमतौर पर गजवा-ए-हिंद मामला, पटना के रूप में जाना जाता है, में चल रही जांच के हिस्से के रूप में कई दस्तावेज भी जब्त किए गए थे। यह मामला शुरू में 14 जुलाई 2022 को बिहार के पटना जिले में फुलवारी शरीफ पुलिस द्वारा मरगूब अहमद दानिश उर्फ ताहिर की गिरफ्तारी के बाद एफआईआर संख्या 840/2022 के रूप में दर्ज किया गया था। मरगूब व्हाट्सएप ग्रुप 'गजवा-ए-हिंद' का एडमिन था, जिसे जैन नाम के एक पाकिस्तानी नागरिक ने बनाया था।

**संदिग्धों के पाकिस्तानी आकाओं के साथ संबंधों का पता लगाया**

**आपत्तिजनक उपकरण और दस्तावेज़ जब्त किए**

एनआईए ने बताया कि आरोपी मरगूब ने भारत के साथ-साथ पाकिस्तान, बांग्लादेश और यमन सहित अन्य देशों के कई लोगों को समूह में जोड़ा था, जो टेलीग्राम और बीआईपी मैसेंजर जैसे अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर भी सक्रिय था। एनआईए की जांच के अनुसार, भारत के क्षेत्र में गजवा-ए-हिंद की स्थापना के नाम पर प्रभावशाली युवाओं को कट्टरपंथी बनाने के उद्देश्य से, समूह को पाकिस्तान स्थित संदिग्धों द्वारा संचालित किया जा रहा था। एनआईए जांच के अनुसार, मरगूब भारत भर में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए स्लीपर सेल जुटाने के एक गुप्त उद्देश्य से समूह के सदस्यों को प्रेरित करने की कोशिश कर रहा था।

## इस्राइली बलों ने आठ फिलिस्तीनियों की हत्या की

**जेनिन शरणार्थी शिविर (वेस्टबैंक) (एपी)।** इस्राइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में मौजूद इस्राइली सुरक्षाबलों ने 24 घंटे की अवधि में 8 फिलिस्तीनियों को मार डाला। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

गाजा पट्टी में इस्राइल और हमास के बीच युद्धविराम का रविवार को तीसरा दिन है। हमास ने 7 अक्टूबर को इस्राइल पर हमला किया था, जिसके बाद से वेस्टबैंक में हिंसा बढ़ गई है और गाजापट्टी में युद्ध की वजह से भारी तबाही हुई है। इस्राइली बलों ने वेस्टबैंक में दर्जनों की संख्या में फिलिस्तीनियों की हत्या की और सैकड़ों लोगों को गिरफ्तार किया। वेस्टबैंक में इस्राइल द्वारा बसाए गए यहूदियों ने भी हमलों को बढा दिया। फिलिस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया, चरमपंथियों के गढ़ जेनिन में पांच फलस्तीनी मारे गए जबकि वेस्टबैंक के अलग-अलग इलाकों में शनिवार सुबह से तीन अन्य लोग मारे जा चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, मध्य वेस्ट बैंक के अल-बिरेह में मारे गए लोगों में एक नाबालिग भी शामिल है। इस्राइली सेना ने बताया कि जेनिन शरणार्थी शिविर में अपने एक अभियान के दौरान उसने पांच फिलिस्तीनियों को मार दिया।

# मोशे के नाना ने भारत का आभार व्यक्त किया

## मुंबई हमले के 15 वर्ष

**अफुला (इस्राइल) (भाषा)।** मुंबई में 2008 के आतंकी हमले में बाल-बाल बचे मोशे होल्त्सबर्ग के नाना-नानी ने उनका दुख महसूस करने और उसे अपना समझने के लिए भारत के लोगों का आभार व्यक्त किया है। पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने 26 नवम्बर 2008 को मुंबई में कई स्थानों पर हमला किया था जिनमें से एक 'नरीमन हाउस' भी था जिसे चाबड हाउस भी कहा जाता है। मोशे उस वक्त सिर्फ दो वर्ष का था और हमले के वक्त अपने माता-पिता गैब्रिएल होल्त्बर्ग एवं रिवका होल्त्सबर्ग के साथ नरीमन हाउस में था। उस बर्बर हमले में मोशे के माता-पिता मारे गए थे।

मोशे के नाना रब्बी शिमोन रोसेनबर्ग ने कहा, भारत के लोगों को याद है कि 15 वर्ष पहले आज के दिन क्या हुआ था। हमारे परिवार पर और अन्य इजराइली परिवारों पर जो कहर टूटा था आपको याद है। उन्होंने कहा, 'मैं, मेरी पत्नी येहुदित और मोशे दिल से ये मानते हैं और इस बात के लिए भारत में आप सबका आभार व्यक्त करना चाहते हैं कि आपने हमारे दुख को महसूस किया और उसे अपना समझा।



फाइल फोटो

इस्राइल और हमास के बीच युद्ध की पृष्ठभूमि में उन्होंने कहा, 'इस वर्ष ने खासतौर पर दिखाया कि आतंकी किस तरह से यहूदियों की हत्या करना चाहते हैं, लेकिन हम पूरी दुनिया में शांति चाहते हैं।' नन्हे मोशे को हमले से बचाकर उसे सीने से चिपकाए उसकी नैनी सैंड्रा की एक तस्वीर सामने आई थी जिसने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा था। रोसेनबर्ग ने कहा, मोशे ठीक है और येशिवा में पढ़ाई कर रहा है। सैंड्रा इस्राइल में है और सप्ताहांत में यरूशलम से हमारे पास आती है। वह हमारे परिवार की सदस्य की ही तरह है और यह घर उसका भी है। सैंड्रा को इस्राइल सरकार ने मानद नागरिकता दी थी और उसे 'राइटियस जंटिले' की उपाधि से सम्मानित किया था। यह एक दुर्लभ सम्मान है और यह उन लोगों को दिया गया जिन्होंने नरसंहार के दौरान यहूदियों को बचाने में अपनी जान जोखिम में डाली। परिवार ने इस वर्ष हिब्रू कैलेंडर के अनुसार 13 नवम्बर को अपने निकट संबंधियों की याद में अफुला में वर्षिक प्रार्थना की थी। पिछले वर्ष मोशे ने एक वीडियो संदेश जारी कर अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आतंक का मुकाबला करने के तरीकों की तलाश करने की मार्मिक अपील की थी ताकि 'किसी को भी उस पीड़ा से नहीं गुजरना पड़े जिससे वह गुजरा है।' उस वीडियो में मोशे ने अपने बचने की कहानी भी साझा की। वह सिर्फ सैंड्रा के साहस के कारण ही बच सका 'जिसने उसे बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डाली थी।'

## अमेरिकी बंधकों की रिहाई पर सस्पेंस बरकरार

**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** हमास द्वारा बंधकों की रिहाई शुरू करने के बाद, अमेरिका अमेरिकियों की रिहाई का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में अमेरिकी बंधकों के भाग्य के बारे में पूछे जाने पर कहा, हम नहीं जानते कि ऐसा कब होगा, लेकिन हम ऐसा होने की उम्मीद करते हैं।

बाइडेन ने कहा,हमें नहीं पता कि सभी बंधकों की सूची क्या है और उन्हें कब रिहा किया जाएगा, लेकिन हम रिहा होने वाले लोगों की संख्या जानते हैं। इसलिए, यह मेरी आशा और उम्मीद है कि यह जल्द ही होगा। अक्टूबर के अंत में हमास द्वारा रिहा किए गए पहले बंधकों में दो अमेरिकी थे। अमेरिकी बंधकों में से एक अबीगैल मोर इडा शुक्रवार को चार साल की हो गई। वह अपने पिता की गोद में थी जब 7 अक्टूबर को हमास के आतंकवादियों ने दक्षिणी इस्राइल में कफ़र अज़ा किबुत्ज़ पर हमला किया। उसकी बड़ी चाची लिज़ हिर्श नफ़्ताली ने एनबीसी न्यूज़ को बताया, उसके माता-पिता दोनों को गोली मार दी गई थी।

# भारत में अब विश्व को दिशा दिखाने की क्षमता : कम्बोज

**न्यूयॉर्क (भाषा)।** संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कम्बोज ने कहा है कि भारत की रणनीतिक स्थिति उसे विभिन्न शक्ति समूहों के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ने में सक्षम बनाती है और जटिल कूटनीतिक मामलों में दिशा दिखाने की उसकी क्षमता उसे अंतरराष्ट्रीय संघर्षों में एक संभावित मध्यस्थ के रूप में पेश करती है। कम्बोज ने यहां कहा, 'तीव्र बदलावों एवं जटिल चुनौतियों वाले युग में भारत केवल अत्यंत विविधता एवं सांस्कृतिक समृद्धि वाले देश के तौर पर ही नहीं उभरा है, बल्कि यह सहयोग, शांति एवं पारस्परिक सम्मान के सिद्धांतों को अपनाते हुए अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक बड़ी भूमिका भी निभाता है।' उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय के 'स्कूल ऑफ इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स' के दीपक और नीरा राज सेंटर द्वारा पिछले सप्ताह आयोजित 'भारतः अगला दशक' सम्मेलन में 'उभरती वैश्विक व्यवस्था में भारत' विषय पर एक विशेष भाषण के दौरान कहा कि भारत का प्राचीन दर्शन 'वसुधैव कुटुंबकम' उसे वैश्विक मामलों में एक मध्यस्थ और समाधानकर्ता के रूप में विशिष्ट स्थान देता है।

कम्बोज ने कहा कि हालिया वर्षों में अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने विभिन्न देशों के बीच वार्ता एवं समझ को बढावा देने को लेकर भारत का अग्र-सक्रिय दृष्टिकोण देखा है। उन्होंने कहा, 'इसके अलावा भारत की रणनीतिक स्थिति और इसका गुटनिरपेक्ष इतिहास इसे विभिन्न शक्ति समूहों के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ने में सक्षम बनाना है।' कम्बोज ने कहा, 'भारत ने दिखाया है कि भिन्न विचारधाराओं और शासन मॉडल वाले देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखना संभव है। जटिल राजनयिक मामलों में दिशा दिखाने की यह क्षमता भारत को अंतरराष्ट्रीय संघर्षों में एक संभावित मध्यस्थ के रूप में पेश करती है।' उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि भारत की जी20 की अध्यक्षता ने विभिन्न दृष्टिकोणों के बीच आम सहमति बनाते हुए एक जटिल भू-राजनीतिक परिदृश्य में नेतृत्व करने की देश की क्षमता को दिखाया।



**संयुक्त राष्ट्र में सुधारों के मुद्दे को अब ठंडे बस्ते में नहीं डाला जा सकता**

कम्बोज ने कहा कि तेजी से बदलते भू-रणनीतिक और भू-आर्थिक माहौल में खुद को ढालने में असमर्थता के कारण संयुक्त राष्ट्र अपने उद्देश्य को पूरा करने में सक्षम नहीं है। उन्होंने दोहराया कि संयुक्त राष्ट्र में सुधारों के मुद्दे को अब ठंडे बस्ते में नहीं डाला जा सकता और 21वीं सदी की समकालीन वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने के लिए सुरक्षा परिषद की संरचना में बदलाव किए बिना यह प्रक्रिया पूरी नहीं की जा सकती। कम्बोज ने कहा, 'दुनिया यह भी मानती है कि परिषद की सदस्यता के लिए भारत के दावे को लंबे समय तक नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।...जनसंख्या, क्षेत्र, जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद), आर्थिक क्षमता, सभ्यतागत विरासत, सांस्कृतिक विविधता, राजनीतिक व्यवस्था, इतिहास और संयुक्त राष्ट्र की गतिविधियों - विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में जारी योगदान जैसे किसी भी वस्तुनिष्ठ मानदंड के आधार पर भारत सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता का पूरी तरह से हकदार है।'

## खबर संक्षेप

### पूंजीकरण में सबसे अधिक लाभ में रही रिलायंस




**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से चार का सम्मिलित रूप से बाजार मूल्यांकन पिछले सप्ताह 65,671.35 करोड़ रुपये बढ़ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक लाभ में रही। बीएसई के मानक सूचकांक सेंसेक्स में पिछले सप्ताह 175.31 अंक यानी 0.26 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया।

### आईओसी, गेल पर दूसरी तिमाही में लगा जुर्माना




**नई दिल्ली।** इंडियन ऑयल और गेल (इंडिया) लिमिटेड सहित सार्वजनिक क्षेत्र की तेल व गैस कंपनियों पर निदेशक मंडल में आवश्यक संख्या में स्वतंत्र निदेशकों न होने संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में विफल रहने के लिए लगातार दूसरी तिमाही में जुर्माना लगाया गया है। इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड पर 5.42-5.42 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

### लागत से कम दाम पर तेल-तिलहनों की बिक्री



**नई दिल्ली।** देश के बंदरगाह पर आयातित तेलों की लागत से कम दाम पर बिकवाली जारी रहने के बीच देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी खाद्य तेल तिलहनों के दाम हानि दर्शाते बंद हुए। पिछले लगभग तीन महीनों से आयातक बैंकों में अपना ऋण साखपत्र घुमाते रहने की मजबूरी की वजह से आयातित खाद्यतेलों को लागत से 2-3 रुपये किलो कम दाम पर बेच रहे हैं।

### वॉरेन बफे ने पेटीएम में हिस्सेदारी बेची




**नई दिल्ली।** जाने-माने निवेशक वॉरेन बफे समर्थित बर्कशायर हैथवे ने खुले बाजार में सौदों के जरिए पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस में अपनी पूरी 2.46 प्रतिशत हिस्सेदारी 1,371 करोड़ रुपये में बेच दी। बर्कशायर हैथवे इंक ने अपने सहयोगी बीएच इंटरनेशनल होल्डिंग्स के माध्यम से एनएसई पर पेटीएम के 1.56 करोड़ से अधिक शेयर बेचे।

### घोष फिर से बंधन बैंक के एमडी नियुक्त



**नई दिल्ली।** बंधन बैंक ने तीन साल के लिए अपने प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में चंद्रशेखर घोष की पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दे दी। यदि रिजर्व बैंक इस प्रस्ताव को मंजूरी दे देता है, तो पुनर्नियुक्ति 10 जुलाई, 2024 से प्रभावी होगी। निदेशक मंडल की मंजूरी आरबीआई और बैंक के शेयरधारकों की मंजूरी पर निर्भर है।

### मैक्रोटेक डेवलपर्स शुद्ध कर्ज घटाकर 6000 करोड़ करेगा

LODHA
MACROTECH DEVELOPERS LIMITED

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट फर्म मैक्रोटेक डेवलपर्स ने अपने शुद्ध कर्ज को अगले साल मार्च तक घटाकर 6,000 करोड़ रुपये पर लाने का लक्ष्य तय किया है। सितंबर 2023 के अंत में यह आंकड़ा 6,730 करोड़ रुपये था। लोढ़ा ब्रांड के अंतर्गत संपत्ति कारोबार करने वाला मैक्रोटेक डेवलपर्स मुंबई महानगरीय क्षेत्र, पुणे और बेंगलुरु के बाजारों में मौजूद है। सीईओ अभिषेक लोढ़ा ने कहा, 'चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में हमने अपना शुद्ध कर्ज लगभग 540 करोड़ रुपये घटाकर 6,730 करोड़ रुपये कर लिया है।

# देश में बढ़ेगी 3 लाख से ज्यादा इंजीनियरों की मांग, इन सेक्टरों का रहेगा बोलबाला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार की नीतियों, मेक इन इंडिया का प्रभाव और भारतीय इकोनॉमी की ताकत के चलते दुनियाभर की दिग्गज बहुराष्ट्रीय कंपनियां (एमएनसी) अब भारत में ही अपना प्लांट लगाने की तैयारी कर चुकी हैं।


- कंपनियां दक्षिण एशियाई बाजारों में अपनी पकड़ मजबूत बना रही

टेस्ला समेत कई ग्लोबल कंपनियां इस संबंध में अपने इरादे समय-समय पर जताती रहती हैं। भारत की तरक्की के रथ पर सवार होकर ये कंपनियां दक्षिण एशियाई बाजारों में भी अपनी मजबूत पकड़ बनाना चाहती हैं। अब तक ज्यादातर आईटी और सर्विस सेक्टर से जुड़े काम ही भारत आते थे। मगर, अब कई कंपनियां अपनी रिसर्च, डिजाइन और इंजीनियरिंग से जुड़े कामों को भी भारत भेजने लगी हैं। इसलिए देश के इंजीनियरों को इस अवसर का लाभ उठाने के लिए कमर कस लेनी चाहिए।

## मेक इन इंडिया के चलते भारत में एमएनसी लगा रहे अपना प्लांट

### आईटी नहीं इन सेक्टरों में होंगी नौकरियां

मल्टी नेशनल कंपनियां (एमएनसी) भारत में अपने मैन्यूफैक्चरिंग सेंटरों को बढ़ाने में जुट गई हैं। इसके चलते नौकरियों की बहार आने की पूरी संभावना है। रोचक बात यह है कि इनमें से ज्यादातर नौकरियां आईटी सेक्टर के बजाय मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरों के लिए होंगी। मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर ही इन नई जॉब को पैदा करेगा।



### ऑटोमोबाइल और हार्डवेयर में अवसर ज्यादा

मर्सिडीज बेंज, बॉश, मिशलीन, एबीबी, बोइंग, एयरबस, रेनॉ, फोक्सवेगन ग्रुप, स्नाइडर इलेक्ट्रिक, जॉन डिअर, कैटरपिलर, कोंटिनेंटल और कोलिंस एयरोस्पेस जैसी कंपनियां भारत में मजबूती से काम करेंगी। हालांकि, नई तकनीक और ऑटोमेशन युवाओं के लिए नौकरी के रास्ते में बाधक बन रहे हैं। मगर, मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की यह बदलती तस्वीर बहुत उत्साहित करने वाली है। बैटरी मैनेजमेंट और हार्डवेयर क्षेत्र में भी कई नौकरियां पैदा होंगी।

*3 लाख से ज्यादा नौकरियां पैदा होंगी : एक अनुमान के मुताबिक, इन बदलावों के चलते अगले तीन से चार साल में देश में 3 लाख से भी ज्यादा इंजीनियरिंग जॉब पैदा होंगे। ये नौकरियां एविएशन, ऑटोमोबाइल, टायर, पार्ट्स मेकिंग और इलेक्ट्रिकल सेक्टर में आएंगी। इंजीनियरों की डिमांड में लगभग 40 फीसदी उछाल आएगा। टियर-2 और 3 शहरों के इंजीनियरिंग कॉलेजों से भी फ्रेशर जाएंगे।*

### ग्रीन ट्रांसपोर्ट विकल्प की डिमांड से होगा फायदा

देश में ग्रीन ट्रांसपोर्ट विकल्प बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा कई प्रयास किए जा रहे हैं। इनमें डीजल वाहनों की जगह इलेक्ट्रिक गाड़ियों को बढ़ावा देना, सोलर एनर्जी को बढ़ावा देना, फ्यूल में एथेनॉल और बायो गैस का मिश्रण करना आदि शामिल हैं। इसलिए पांच साल में ग्रीन एनर्जी सेक्टर से जुड़ी नौकरियां आसानी से उपलब्ध होंगी।

## मार्च 2024 से टी प्लस शून्य नियम लागू हो जाएगा

# मार्च से ट्रेडिंग के दिन ही होगा शेयरों का पेमेंट तत्काल भुगतान 2025 से, सेबी का फैसला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सेबी ने शेयरों की ट्रेडिंग का भुगतान उसी दिन करने की योजना तैयार कर ली है। मार्च, 2024 से यह 'टी प्लस जीरो' नियम लागू हो जाएगा। सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने बताया कि हम शेयरों की खरीद और बिक्री वाले दिन ही पेमेंट की योजना लागू करने जा रहे हैं। इसके ठीक एक साल बाद 2025 में तत्काल पेमेंट का सिस्टम लागू हो जाएगा। इसके बाद यह दोनों ही सिस्टम चलते रहेंगे।

मुंबई में सेबी बोर्ड की बैठक के बाद पुरी ने बताया कि ट्रेडिंग से जुड़े इस नियम में बदलाव की मांग काफी समय से की जा रही थी। ब्रोकर्स चाहते थे कि पेमेंट तत्काल हो। इसमें एक घंटे की भी देरी न की जाए। इस संबंध में काफी चर्चा हुई और हमारी प्रगति संतोषजनक है। मार्च, 2024 के अंत तक सेम डे और अगले साल 2025 तक तत्काल पेमेंट की व्यवस्था लागू कर दी जाएगी।





### जनवरी से लागू हुआ था टी+1 सेटलमेंट

शेयर ट्रेडिंग के लिए टी+1 सेटलमेंट जनवरी से लागू हुआ था। इसमें आपको ट्रेडिंग के अगले दिन पैसा मिल जाता था। इससे पहले टी+2 सिस्टम लागू था। सेबी चेयरपर्सन ने कहा कि बोर्ड ने डीलिस्टिंग नियमों पर विचार करने के लिए और ज्यादा जानकारी जुटाने के प्रयास भी शुरू कर दिए हैं।

- एक साल बाद 2025 से तत्काल पेमेंट सिस्टम होगा लागू
- ट्रेडिंग से जुड़े इस नियम में बदलाव की मांग काफी समय की जा रही
- ब्रोकर्स भी चाहते है पेमेंट तत्काल हो

### बढ़ते आईपीओ पर दखलंदाजी नहीं

पुरी ने कहा कि सेबी बाजार में बढ़ती आइपीओ की संख्या पर नजर रखे है। मगर, इसमें फिलहाल दखलंदाजी की कोई जरूरत नहीं है। इस हफ्ते 5 कंपनियों के आइपीओ में रिकार्ड 2.6 लाख रुपये के आवेदन मिले हैं। इनमें टाटा टेक्नोलॉजीस, इरेडा, गंधार ऑयल रिफाइनरी, फ्लेयर राइटिंग इंडस्ट्रीज और फेडबैंक सर्विसेज के आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुले। कंपनियां मार्केट से 7000 करोड़ रुपए इकट्ठे करना चाहती हैं।

### एनपीओ आसानी से जुटा सकेंगे पैसा

सेबी ने नाट फॉर प्रोफिट आर्गेनाइजेशंस (एनपीओ) को स्टाक एक्सचेंज के जरिए पैसा जुटाने के लिए नियमों में ढील भी दी है। इसके लिए न्यूनतम राशि को एक करोड़ से घटाकर 50 लाख कर दिया गया है।

### मुख्य बोर्ड में स्थानांतरित होने नए दिशानिर्देश

बीएसई ने अपने एसएमई मंच से मुख्य बोर्ड में स्थानांतरित होने को इच्छुक छोटे एवं मध्यम उद्यमों के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसके तहत आवेदक के पास पिछले दो वित्त वर्षों में कम से कम 15 करोड़ रुपये की शुद्ध संपत्ति होनी चाहिए। दिशानिर्देशों के तहत, आवेदक कंपनी को कम से कम तीन वर्षों के लिए एसएमई मंच पर सूचीबद्ध होना आवश्यक है।

### 250 शेयरधारक होने चाहिए

इसके अलावा मुख्य बोर्ड में स्थानांतरित होने से पहले उनके पास 250 सार्वजनिक शेयरधारक होने चाहिए। एसएमई का परिचालन लाभ कम से कम तीन वित्त वर्षों में से किसी दो में सकारात्मक होना चाहिए। साथ ही एक्सचेंज में स्थानांतरण आवेदन करने वाले मौजूदा वित्त वर्ष में शुद्ध मुनाफे में बढ़ोतरी दर्ज की हो।

### 15 करोड़ की शुद्ध संपत्ति होनी चाहिए

'आवेदक के पास पिछले दो पूर्ण वित्त वर्षों के लिए कम से कम 15 करोड़ रुपये की शुद्ध संपत्ति होनी चाहिए।' इसके अलावा आवेदक की चुकता इक्विटी पूंजी 10 करोड़ रुपये से अधिक होनी चाहिए और बाजार पूंजीकरण कम से कम 25 करोड़ रुपये होना चाहिए। आवेदक कंपनी पर एनसीएलटी में अतीत में या वर्तमान में कोई मामला नहीं होना चाहिए।

### सूचीबद्धता के लिए पात्रता मानदंड में बदलाव

पिछले तीन वर्षों में किसी भी स्टॉक एक्सचेंज ने एसएमई और उसके प्रवर्तकों के खिलाफ व्यापार को निलंबित करने जैसी कोई नियामक कार्रवाई नहीं की गई हो। साथ ही, आवेदक कंपनी उसके प्रवर्तकों के साथ-साथ उसकी अनुषंगी कंपनी को पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं सेबी द्वारा प्रतिबंधित नहीं किया गया हो। एक्सचेंज ने एसएमई मंच पर सूचीबद्धता के लिए पात्रता मानदंड में भी बदलाव किया।

# भारत की 2030 में इस्पात की मांग होगी 19 करोड़ टन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की इस्पात मांग 2030 तक सात प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़कर 19 करोड़ टन के स्तर तक पहुंचने की उम्मीद है। स्टीलमिंट इंडिया की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

क्षेत्र से जुड़ी अनुसंधान कंपनी के अनुसार, मांग को बड़े पैमाने पर निर्माण व बुनियादी ढांचा क्षेत्रों से बढ़ावा मिलेगा, जिसका कुल मांग में 60-65 प्रतिशत का योगदान है। वर्ष 2030 में सात प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) के आधार पर भारत की इस्पात मांग 19 करोड़ टन तक पहुंचने का अनुमान है। 'इंडियाज स्टील एंड कोकिंग कोल डिमांड 2030' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया कि सर्वोत्तम स्थिति में यह 2030 तक 23 करोड़ टन तक भी पहुंच सकती है। मांग को वाहन और इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों द्वारा भी बढ़ावा दिया जाएगा। जनसंख्या वृद्धि, बढ़ते शहरीकरण, विभिन्न सरकारी पहल आदि इसके प्रमुख कारक होंगे। रिपोर्ट में अनुसार, 2023 के अंत तक मांग के 12 करोड़ टन तक पहुंचने की उम्मीद है और उत्पादन 13.6 करोड़ टन होगा। भारत का कच्चे इस्पात का उत्पादन 2030 तक 21 करोड़ टन होने की उम्मीद है, जो 2023 के उत्पादन स्तर से 45 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया कि चीन सहित कई देशों में अपने मौजूदा उत्पादन स्तर की तुलना में इस्पात उत्पादन में गिरावट आएगी। इसमें कहा गया कि आने वाले समय में भारत समुद्र-जनित कोयले के सबसे बड़े आयातक के रूप में उभरेगा, जिसकी बाजार हिस्सेदारी 30 प्रतिशत है।



- उत्पादन 21 करोड़ टन होने का अनुमान

### 35 करोड़ टन होगी लौह अयस्क की आवश्यकता

देश को 2030 तक करीब 35 करोड़ टन लौह अयस्क की आवश्यकता होगी। वर्ष 2030 घरेलू इस्पात उद्योग के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि सरकार ने भारत की स्थापित इस्पात निर्माण क्षमता को 30 करोड़ टन तक बढ़ाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है।

# पूंजीगत व्यय के लक्ष्य से चूक सकते हैं राज्यः रिपोर्ट

- राजस्व में गिरावट चुनाव व कई अन्य कारणों से
- राज्यों का पूंजीगत व्यय 35 फीसदी तक बढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ICRA

राजस्व में गिरावट, चुनाव और कई अन्य कारणों से राज्य चालू वित्त वर्ष के लिए अपने पूंजीगत व्यय के लक्ष्य से चूक सकते हैं।

इक्रा रेटिंग्स की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि राजस्व प्राप्तियों में भारी गिरावट से राज्य के पूंजीगत व्यय में बड़ी कमी आएगी। राज्यों का पूंजीगत व्यय वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में रिकॉर्ड 35 प्रतिशत तक बढ़ गया। नायर ने कहा कि अपने बजट अनुमानों को बनाए रखने के लिए 21 राज्यों को यह सुनिश्चित करना होगा कि दूसरी छमाही में पूंजीगत व्यय की दर 28 प्रतिशत पर बनी रहे। नायर ने कहा कि हालांकि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद यह संभव नहीं है।

नायर ने कहा कि आम चुनाव से पहले मार्च तिमाही में आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने की संभावना है।

### विश्लेषण में 21 राज्य शामिल

पूंजीगत व्यय तथा अन्य व्यापक आंकड़ों की उपलब्धता के आधार पर इन 21 राज्यों को विश्लेषण में शामिल किया गया। इन 21 राज्यों का संयुक्त राजस्व और राजकोषीय घाटा अप्रैल-सितंबर के दौरान क्रमशः 70,000 करोड़ रुपये और 3.5 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ा है।

## पूरबी डेयरी नए दुग्ध उत्पाद पेश करेगी






गुवाहाटी। अपने मौजूदा उत्पादों की बिक्री में वृद्धि से प्रोत्साहित पश्चिम असम मिल्क प्रोड्यूसर्स को-ऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड (डब्ल्यूएएमयूएल) बाजार में नए दुग्ध उत्पाद पेश करने के लिए तैयार है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। डब्ल्यूएएमयूएल ब्रांड पूरबी डेयरी का संचालन करती है। उन्होंने कहा कि लोगों के बीच दूध व दूग्ध उत्पादों को और लोकप्रिय बनाने के लिए 26 नवंबर को राष्ट्रीय दुग्ध दिवस से पहले राज्य में तीन दिवसीय अभियान भी चलाया गया। डब्ल्यूएएमयूएल के महानिदेशक एस. के. परिदा ने बताया कि अधिक उत्पाद पेश करने की पहल और दूध की खपत के लाभों पर जागरूकता अभियान से इसमें शामिल लोगों खासकर ग्रामीण आबादी के आर्थिक उत्थान में मदद मिलेगी जो डेयरी गतिविधियों से जुड़े हैं।

# भारतीय निर्यातकों की चीन के 'इन्फ्लूएंजा' मामलों पर नजर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हो सकती है
- बीमारी दुनिया के अन्य हिस्सों में फैली तो असर पड़ेगा

चीन में बढ़ते 'इन्फ्लूएंजा' के मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए घरेलू निर्यातकों ने रविवार को कहा कि वे स्थिति पर सावधानी से नजर रख रहे हैं, क्योंकि बीमारी का प्रकोप बढ़ने से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और विश्व व्यापार फिर से प्रभावित हो सकता है। घरेलू निर्यातकों ने कहा कि वर्तमान स्थिति चिंताजनक नहीं है, लेकिन अगर यह बीमारी दुनिया के अन्य हिस्सों में फैलती है तो इसका विश्व व्यापार पर असर पड़ेगा क्योंकि चीन वैश्विक विनिर्माण तथा निर्यात का केंद्र है।

सरकार ने 24 नवंबर को कहा था कि देश चीन में 'इन्फ्लूएंजा' की स्थिति से उत्पन्न होने वाली किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार है और उस देश में बच्चों में एच9एन2 के प्रकोप तथा श्वसन संबंधी बीमारी की स्थिति पर नजर रख रहा हे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि चीन में एवियन इन्फ्लूएंजा, एच9एन2, के साथ-साथ श्वसन संबंधी बीमारी के मामले सामने आने से भारत को खतरा कम है।

### डब्ल्यूएचओ ने भी जारी किया बयान

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भी इस संबंध में एक बयान जारी किया है। अग्रणी चमड़ा निर्यातक एवं फरीदा समूह के चेयरमैन रफीक अहमद ने कहा, 'हम स्थिति पर नजर रख रहे हैं। अगर बीमारियां फैलीं तो इसका व्यापार पर असर पड़ेगा।'

# वैश्विक रुझानों से ही तय होगी बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विश्लेषकों का कहना है कि इस सप्ताहांत के छुट्टी के कारण लंबे होने से शेयर बाजार काफी हद तक वैश्विक रुझानों से ही तय होंगे। विश्लेषकों का कहना है कि शेयर बाजार व्यापक आर्थिक आंकड़ों पर भी निर्भर रहेंगे। गुरुनानक जयंती के अवसर पर सोमवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे।

विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों और डॉलर के मुकाबले रुपये की स्थिति पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। स्वास्तिका इंवेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, 'वैश्विक रुझान अपेक्षाकृत मंद हैं। बाजार भागीदार कच्चे तेल की कीमतों, अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल और डॉलर सूचकांक में उतार-चढ़ाव पर बारीकी से नजर रखेंगे।'

घरेलू व्यापक आर्थिक मोर्चे पर जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए जीडीपी आंकड़े बृहस्पतिवार को जारी किए जाएंगे। विनिर्माण क्षेत्र के लिए खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) आंकड़े शुक्रवार को घोषित किए जाएंगे। मासिक बिक्री आंकड़ों की घोषणाओं के बीच वाहन कंपनियां सुर्खियों में बनी रहेंगी। मास्टर कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह नंदा ने कहा, '' अमेरिकी जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) आंकड़े, कच्चे तेल की सूची, अमेरिकी पीएमआई आंकड़े और यूरोजोन कोर सीपीआई (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक) आंकड़े बाजार की दिशा तय करेंगे।



- गुरुनानक जयंती पर सोमवार को बंद रहेगा शेयर बाजार
- डॉलर के मुकाबले रुपए की स्थिति पर निवेशकों की नजर

### बाजार काफी हद तक शांत रहा

पिछले सप्ताह बीएसई बेंचमार्क 175.31 अंक यानी 0.26 प्रतिशत चढ़ा और निफ्टी 62.9 अंक यानी 0.31 प्रतिशत बढ़ा। मीणा ने कहा, '' पिछले सप्ताह बाजार काफी हद तक शांत रहे, प्रमुख सूचकांकों में कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं हुआ।

# निजी साधारण बीमाकर्ताओं की बाजार हिस्सेदारी बढ़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निजी क्षेत्र के साधारण बीमाकर्ताओं ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम में अपनी संयुक्त बाजार हिस्सेदारी बढ़ाकर 53.58 प्रतिशत कर दी, जो पिछले साल समान की अवधि में 50.81 प्रतिशत थी।

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) द्वारा जारी सितंबर, 2023 तक खंड-वार सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम के आंकड़ों के अनुसार, गैर-जीवन बीमा उद्योग की 31 बीमा कंपनियों ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 1.43 लाख करोड़ रुपये का सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम हासिल किया। निजी बीमाकर्ताओं ने सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम में 14.86 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की। गैर-जीवन बीमा उद्योग ने 2022-23 की अप्रैल-सितंबर अवधि में 1,25,194 करोड़ रुपये का सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम (जीडीपी) अर्जित किया था। इरडा ने कहा, "निजी साधारण बीमाकर्ताओं की संयुक्त बाजार हिस्सेदारी 21.13 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ सितंबर, 2023 तक 53.58 प्रतिशत थी।




- पहली छमाही में हिस्सेदारी बढ़कर 53 .58 प्रतिशत

### न्यू इंडिया एश्योरेंस की हिस्सेदारी सबसे बड़ी

इरडा के आंकड़ों के मुताबिक न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी 13.09 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी के साथ सबसे बड़ी बीमा कंपनी है। इसके बाद आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी (8.67 प्रतिशत) और बजाज अलायंज जनरल इंश्योरेंस कंपनी (7.69 प्रतिशत) हैं।

## वित्तीय प्रौद्योगिकी इकाई स्थापित करने की संभावना तलाश रही एलआईसी

# एलआईसी में एक क्लिक पर होगा क्लेम सेटलमेंटः चेयरमैन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बीमा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी जीवन बीमा निगम (एलआईसी) अपने डिजिटल बदलाव के तहत एक वित्तीय प्रौद्योगिकी इकाई स्थापित करने की संभावना तलाश रही है।

- एलआईसी ने संपूर्ण डिजिटल बदलाव परियोजना शुरू की

एलआईसी के चेयरमैन सिद्धार्थ मोहंती ने एक साक्षात्कार में कहा कि एलआईसी ने संपूर्ण डिजिटल बदलाव परियोजना डीआईवीई (डिजिटल इनोवेशन एंड वैल्यू एन्हांसमेंट) शुरू की है। परियोजना को चलाने के लिए एक सलाहकार नियुक्त किया गया है।

*दिसंबर के पहले सप्ताह में होगी पेश : चेयरमैन ने कहा कि एलआईसी दिसंबर के पहले सप्ताह में एक नई सेवा पेश करने जा रही है। उम्मीद है बाजार में इसे अच्छी प्रतिक्रिया मिलेगी। नई सेवा की कुछ विशेषताएं साझा करते हुए मोहंती ने कहा कि यह सुनिश्चित रिटर्न प्रदान करेगी और इसके पूर्ण होने के बाद पॉलिसीधारक को जीवन भर बीमा राशि का 10 प्रतिशत मिलेगा।*




### चार नए उत्पाद पेश करने की योजना

एलआईसी ने उत्पाद वितरण के लिए चालू वर्ष में अब तक तीन वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों को कॉर्पोरेट एजेंट के रूप में जोड़ा है। एलआईसी ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 में नई पॉलिसी के प्रीमियम में दहाई अंक में वृद्धि हासिल करने के उद्देश्य से आने वाले महीनों में तीन से चार नए उत्पाद पेश करने की योजना बनाई है।

### नहीं जाना पड़ेगा ऑफिस

दावा निपटान, ऋण तथा अन्य सेवाएं जैसी सेवाएं एक बटन के 'क्लिक' पर उपलब्ध कराई जाएंगी। मोहंती ने कहा, ' ग्राहकों को कार्यालय आने की जरूरत नहीं है। वह घर बैठे अपने मोबाइल के जरिए हमारी जरूरी सेवाओं तक पहुंच बना सकते हैं... हम वित्तीय प्रौद्योगिकी पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और व्यवसाय के विस्तार में इसकी क्षमता का इस्तेमाल करेंगे।'


*सर्वश्रेष्ठ डिजिटल पहल होगी स्थापित*

*मोहंती ने कहा, 'हमारा मकसद परियोजना डीआईवीई के जरिए अपने सभी हितधारकों, ग्राहकों, मध्यस्थों, विपणन संबंधी लोगों और हर किसी के लिए श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ डिजिटल पहल स्थापित करना है।' उन्होंने कहा कि एलआईसी को ज्यादातर नए ग्राहक अपने एजेंट के जरिए मिलते हैं। इसके बाद अन्य क्षेत्रों में भी बदलाव देखने को मिलेगा।*

*नई सेवा बाजार में हलचल लाएगी*

*मोहंती ने विश्वास जताया कि नई सेवा बाजार में हलचल लाएगी क्योंकि हर कोई जानना चाहता है कि वह कितना भुगतान कर रहा है और 20-25 वर्षों के बाद उसे कितना प्रतिफल मिलेगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा ऋण सुविधा और समय से पहले निकासी भी इस नई सेवा की विशेषताओं में शामिल है।*

## खबर संक्षेप



### पीकेएल में यूपी के कप्तान होंगे नरवाल

**नई दिल्ली।** प्रो कबड्डी लीग में खिताब की हैट्रिक बनाने वाले कप्तान प्रदीप नरवाल इस प्रतियोगिता के आगामी सत्र में यूपी योद्धाज का नेतृत्व करेंगे। फ्रेंचाइजी ने रविवार को यह घोषणा की। एशियाई खेल 2018 की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे नरवाल के नाम पर पीकेएल में सर्वाधिक रेड अंक बनाने का रिकॉर्ड है। उनकी कप्तानी में पटना पाइरेट्स ने लगातार तीन खिताब जीते थे। नारवाल ने कहा, 'यह मेरे कंधों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है और मैं अपनी योग्यता साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा।'

### 'ट्रेडिंग' में हैदराबाद से जुड़े शाहबाज

**मुंबई।** बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज अहमद को इंडियन प्रीमियर लीग की 'ट्रेडिंग' में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से सनराइजर्स



हैदराबाद से जोड़ा गया है। सनराइजर्स ने उनके बदले मयंक डागर को आरसीबी को सौंपा है। आईपीएल के बयान के अनुसार, 'शाहबाज ने अभी तक आईपीएल में 39 मैच खेल कर 14 विकेट लिए हैं जिनमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सात रन देकर तीन विकेट हासिल करना है। शाहबाज को पिछले साल की मेगा नीलामी में आरसीबी ने 2.4 करोड़ रुपए में फिर से अपनी टीम से जोड़ा था।

### सरकार ने पैरा खेलों को लेकर बदली सोच

**नई दिल्ली।** पैरा खेलों में पिछले कुछ वर्षों में भारत के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को कहा कि मोदी सरकार ने पैरा खिलाड़ियों को लेकर सोच बदली है और अब खेलो इंडिया के जरिए पैरा खेलों के नए दौर का सूत्रपात होगा। ठाकुर ने 10 से 17 दिसंबर तक दिल्ली में होने वाले पहले खेलो इंडिया पैरा खेलों के लोगो, शुभंकर, थीम गीत और जर्सी के लांच के मौके पर कहा, 'रियो पैरालंपिक 2016 में हमारे 19 पैरा एथलीटों ने भाग लिया था और टोक्यो पैरालंपिक 2021 में हमारे पैरा खिलाड़ियों ने 19 पदक जीतकर इतिहास रचा।

### एनओसी जारी नहीं हाने से नाखुश

**कराची।** पाकिस्तान के कई क्रिकेटर ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश जैसी विदेशी लीग में प्रतिस्पर्धा करने के लिए खिलाड़ियों को एनओसी जारी करने में देरी करने के कारण पीसीबी के मुख्य चयनकर्ता वहाब रियाज से नाखुश हैं जिससे दोनों पक्षों के बीच तनाव पैदा हो गया है। इमाद ने शुक्रवार को संन्यास की घोषणा की जिससे उनका आठ साल का अंतरराष्ट्रीय करियर खत्म हुआ।

### सात्विक-चिराग चाइना मास्टर्स में बने उपविजेता



**शेनझेन।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी रविवार को यहां चाइना मास्टर्स के पुरुष युगल के फाइनल में चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग की जोड़ी से हार गई। भारत की चैंपियन जोड़ी पहला गेम 19-21 से गंवा बेठी लेकिन उन्होंने शानदार रैली से वापसी करते हुए दूसरा गेम 21-18 से जीत लिया। उन्होंने निर्णायक गेम में 1-8 से पिछड़ने के बावजूद वापसी का प्रयास किया लेकिन इसे 19-21 से गंवाकर एक घंटे 11 मिनट में पराजित हो गए।

## टी20 5 मैचों की सीरीज में बनाई 2-0 की बढ़त

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बनाया सबसे बड़ा स्कोर, 44 रन से जीता मैच

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

भारत ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को 44 रन से शिकस्त देकर पांच मैचों की श्रृंखला के दो 2-0 की बढ़त बना ली। यह टीम इंडिया की ऑस्ट्रेलिया पर लगातार दूसरी जीत है। इस जीत से टीम ने 5 मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस प्रारूप का अपना सबसे बड़ा स्कोर चार विकेट पर 235 रन बनाया। टी20 में अपना पांचवां सबसे बड़ा स्कोर बनाने के बाद भारत ने ऑस्ट्रेलिया की पारी को 20 ओवर में नौ विकेट पर 191 रन पर रोक दिया।

भारत के लिए ऋतुराज ने तीन चौके और दो छक्के की मदद से 58 रन बनाने के साथ यशस्वी जायसवाल (53 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 35 गेंद 77 और इशान किशन (52 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 58 गेंद में 87 रन की साझेदारी की। इन तीनों की अर्धशतकीय पारी के बाद रिंकू सिंह ने नौ गेंद में चार चौके और दो छक्के की मदद से नाबाद 31 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए नाथल एलिस ने चार ओवर में 45 रन देकर तीन विकेट लिए।



### रवि-कृष्णा ने झटके 3-3 विकेट

*ऑस्ट्रेलिया के लिए मार्कस स्टोइनिस (45 रन) और टिम डेविड (37 रन) ने पांचवें विकेट के लिए 38 गेंद में 81 रन जोड़कर भारत की परेशानियों को बढ़ाया लेकिन लगातार ओवरों में दोनों के आउट होने से मैच पर उनकी पकड़ ढीली हो गई। कप्तान मैथ्यू वेड ने नाबाद 42 रन बनाए लेकिन यह टीम के लिए काफी नहीं था। भारत के लिए रवि बिश्नोई ने चार ओवर में 32 रन देकर तीन अहम विकेट लिए। प्रसिद्ध कृष्णा ने भी तीन विकेट लिए जबकि मुकेश कुमार, अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल ने एक-एक विकेट लिए। अक्षर ने अपने चार ओवर में सिर्फ 25 रन दिए।*

### भारत ने जीता 135वां मैच

*भारतीय टीम सबसे ज्यादा टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले जीतने वाली देशों की सूची में पाकिस्तान की बराबरी पर आ गया है। दोनों ने एक समान 135-135 टी-20 मैच जीते हैं।*



### टी20 का 5वां सबसे बड़ा स्कोर

सबसे पहले मैच में टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए भारतीय टीम ने 4 विकेट पर 235 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय टीम का टी20 इंटरनेशनल में अब तक का यह सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले 20 सितंबर 2022 को मोहाली में खेले गए मैच में 6 विकेट पर 211 रन बनाए थे। ओवरऑल यह टी20 इंटरनेशनल का पांचवां सबसे बड़ा स्कोर है।

### ऑस्ट्रेलिया पर भारी है टीम इंडिया

यदि दोनों ही टीमों का एकदूसरे के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल मुकाबलों में रिकॉर्ड देखा जाए, तो इसमें भारतीय टीम भारी नजर आती है। अब तक दोनों टीमों के बीच कुल 28 टी20 मुकाबले हुए, जिसमें भारतीय टीम को 17 में जीत मिली है। जबकि 10 मैच हारे और एक मुकाबला बेनतीजा रहा। कंगारू टीम के खिलाफ भारतीय टीम का अपने घर में भी रिकॉर्ड दमदार ही रहा है।

### डेथ ओवर में रिंकू का धमाका

*ईशान किशन के 16वें ओवर में आउट होने के बाद रिंकू सिंह ने विस्फोटक पारी खेली। उन्होंनेपहली ही बॉल से बड़े शॉट खेलना शुरू कर दिया। 18वें ओवर में सूर्यकुमार यादव के विकेट के बाद रिंकू ने पहली बॉल खेली। रिंकू ने डेथ ओवर में 9 बॉल में 6 बाउंड्री लगा कर 31 रन बनाए। वहीं, तिलक वर्मा ने उनका साथ दिया और आखिरी ओवर में 2 बॉल पर 7 रन बनाए। टीम ने डेथ ओवर में एक विकेट खोकर 62 रन बनाए।*

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का जम्पा बो एलिस | 53 | 25 | 9 | 2 |
| ऋतुराज का डेविड बो एलिस | 58 | 43 | 3 | 2 |
| इशान का एलिस बो स्टोइनिस | 52 | 32 | 3 | 4 |
| सूर्यकुमार का स्टोइनिस बो एलिस | 19 | 10 | 0 | 2 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 31 | 09 | 4 | 2 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 07 | 02 | 0 | 1 |

अतिरिक्त : 15, कुल : 20 ओवर मे 235/4

गेंदबाजी : स्टोइनिस 3-0-27-1, एलिस 4-0-45-3, मैक्सवेल 2-0-38-0, एबोट 3-0-56-0, जम्पा 4-0-33-0, संघा 4-0-34-0.

| ऑस्ट्रेलिया | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| स्मिथ का यशस्वी बो कृष्णा | 19 | 16 | 1 | 1 |
| मैथ्यू शॉर्ट बो बिश्नोई | 19 | 10 | 3 | 0 |
| इंग्लिस का तिलक बो बिश्नोई | 02 | 04 | 0 | 0 |
| मैक्सवेल का यशस्वी बो अक्षर | 12 | 08 | 1 | 1 |
| स्टोइनिस का अक्षर बो मुकेश | 45 | 25 | 2 | 4 |
| डेविड का रुतुराज बो बिश्नोई | 37 | 22 | 4 | 2 |
| मैथ्यू वेड नाबाद | 42 | 23 | 1 | 4 |
| सीन एबोट बो कृष्णा | 01 | 02 | 0 | 0 |
| नाथन एलिस बो कृष्णा | 01 | 04 | 0 | 0 |
| एडम जम्पा बो अर्शदीप | 01 | 03 | 0 | 0 |
| तनवीर संघा नाबाद | 02 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त 10, कुल : 20 ओवर में 191/9

गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-46-1, कृष्णा 4-0-41-3, बिश्नोई 4-0-32-3, अक्षर 4-0-25-1, मुकेश 4-0-43-1.

## रश्मिका ने जीता पहला आईटीएफ टेनिस खिताब



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु


मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन रश्मिका भामीदिपति ने रविवार को यहां महिला विश्व टेनिस टूर के फाइनल में जील देसाई को हराकर पहला आईटीएफ खिताब अपने नाम किया। भारतीय खिलाड़ियों के बीच हुए फाइनल में रश्मिका ने 6-0, 4-6, 6-3 की जीत से 3935 डॉलर की पुरस्कार राशि और 50 डब्लूटीए अंक अपनी झोली में डाले। जील देसाई को 2107 डॉलर की राशि और 30 डब्लूटीए अंक हासिल हुए।

## लिवरपूल ने मैनचेस्टर सिटी का विजय अभियान थामा, शीर्ष पर पहुंचा आर्सेनल

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

एर्लिंग हॉलैंड के रिकॉर्ड गोल के बावजूद लिवरपूल ने मैनचेस्टर सिटी को 1–1 से बराबरी पर रोककर उसके विजय अभियान पर रोक लगाई, जबकि आर्सेनल ने ब्रैंटफोर्ड को 1-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता की अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। लिवरपूल के ट्रेंट अलेक्जेंडर अर्नोल्ड और आर्सेनल के काई हैवर्ट के गोल ने सिटी को अंक तालिका में शीर्ष से हटा दिया।

हॉलैंड ने केवल 48 मैच में 50 गोल करके प्रीमियर लीग में नया रिकॉर्ड बनाया था, लेकिन उनका यह प्रयास सिटी को जीत नहीं दिला



पाया। आर्सेनल के 13 मैच में 30 अंक हो गए हैं जबकि सिटी के इतने ही मैचों में 29 अंक हैं। लिवरपूल 13 मैच में 28 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। इस बीच न्यूकासल ने एक अन्य मैच में चेल्सी को 4-1 से करारी शिकस्त दी। यह लगातार दूसरा मैच है जबकि चेल्सी ने चार गोल खाए। इससे पहले उसने इस महीने के शुरू में मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ मैच 4-4 से ड्रॉ खेला था।

## राष्ट्रीय चैंपियनशिपः संजीत और वरिंदर की शानदार शुरुआत

एजेंसी ▶▶| शिलांग

एशियाई चैंपियनशिप 2021 के स्वर्ण पदक विजेता संजीत (92 किग्रा) और तीन बार के राष्ट्रीय चैंपियन वरिंदर सिंह (60 किग्रा) ने आसान जीत दर्ज कर रविवार को यहां एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार शुरुआत की।

सेना की तरफ से खेल रहे संजीत ने शुरू से आक्रामक रवैया अपनाया और कर्नाटक के जगदीश्वरन जे को पहले राउंड में ही हरा दिया। रेफरी ने पहले राउंड में ही मुकाबला रोक कर संजीत को विजेता घोषित किया। संजीत मंगलवार को प्री क्वार्टर फाइनल में चंडीगढ़ के सावन गिल से भिड़ेंगे। रेलवे का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिंदर ने बिहार के अमलेश कुमार के



खिलाफ सतर्क शुरुआत की लेकिन मुकाबला आगे बढ़ने के साथ उनका आत्मविश्वास बढ़ता गया और उन्होंने आखिर में 5-0 से जीत दर्ज की। उनका अगला मुकाबला महाराष्ट्र के विशाल नूपे से होगा। इस बीच राजस्थान के हर्ष चौधरी (80 किग्रा) ने उत्तर प्रदेश के शिवम सैनी को 5-0 से हराया। उनका सामना अब जम्मू कश्मीर के चंद्र देव सिंह से होगा।

## सिनर ने डेविस कप में जोकोविच को हराया, फाइनल में पहुंचा इटली

एजेंसी ▶▶| मलागा

नोवाक जोकोविच के पास सर्बिया को डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचाने के तीन मौके थे, लेकिन वह यानिक सिनर थे, जिन्होंने हार के कगार पर पहुंचने के बाद शानदार वापसी करके इटली को खिताबी मुकाबले में पहुंचाया। सिनर ने लगातार तीन मैच प्वाइंट बचाकर जोकोविच का डेविस कप के एकल में लगातार 21 मैच जीतने के अभियान पर रोक लगाई।



सिनर की जीत से इटली मुकाबले को 1-1 से बराबर करने में सफल रहा। सिनर ने इसके बाद विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच को युगल में भी झटका दिया जिससे इटली शुरू में पिछड़ने के बावजूद 2-1 से जीत दर्ज करके 1998 के बाद पहली बार डेविस कप फाइनल में जगह बनाने में सफल रहा, जहां उसका सामना आस्ट्रेलिया से होगा। मियोमिर केकमानोविच ने लोरेंजो मुसेटी को 6-7(7), 6-2, 6-1 से हराकर सर्बिया को सेमीफाइनल मुकाबले में 1-0 की बढ़त दिला दी थी। विश्व में चौथी रैंकिंग वाले सिनर ने जोकोविच को 6-2, 2-6, 7-5 से हराकर इटली को वापसी दिलाई। इसके बाद सिनर ने युगल में लोरेंजो सोनेगो के साथ जोड़ी बनाई तथा जोकोविच और केकमानोविच को 6-3, 6-4 से हराया।

### यशस्वी का अर्धशतक 53 रन पर आउट

**तिरुअनंतपुरम।** आस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में 77 रन के स्कोर पर भारत का पहला विकेट गिरा। यशस्वी जायसवाल ने धमाकेदार 25 गेंद में 53 रन बनाकर आउट हुए। नाथन एलिस ने उन्हें एडम जम्पा के हाथों कैच कराया। उन्होंने अपनी पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाए। जायसवाल ने गायकवाड के साथ 35 बॉल पर 77 रन की साझेदारी की। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला तिरुवनंतपुरम में खेला गया। भारतीय टीम ने पांच मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला अपने नाम किया था। यशस्वी जायसवाल और ऋतुराज गायकवाड की जोड़ी ने पहले 2 ओवर में संभलकर बल्लेबाजी की और पिच की परिस्थितियों को भांपा। फिर तीसरे ओवर में दोनों ने तेजी से रन बटोरने शुरू किए। इस जोड़ी ने ग्लेन मैक्सवेल के पहले ओवर में 15 रन जड़ दिए।

## श्रीनिधि ने नामधारी को 2-0 से हराया



**श्री भैनी साहिब।** श्रीनिधि डेक्कन ने रविवार को यहां नामधारी एफसी को 2–0 से हराकर आई लीग में लगातार तीसरी जीत हासिल की। टीम के लिए कप्तान डेविड कास्टेनाडा मुनोज (21वें मिनट) और जगदीप सिंह (24वें मिनट) में गोल किए। इस जीत से श्रीनिधि की टीम 16 अंक लेकर मोहम्मडन स्पोर्टिंग के साथ आई लीग तालिका में शीर्ष पर चल रही है।

### पेरिस ओलंपिकः भारत के अनुभवी पहलवान योगेश्वर ने की व्याख्या

# नई चयन नीति के अपने फायदे और नुकसान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के अनुभवी पहलवान योगेश्वर दत्त ने भारतीय ओलंपिक समिति द्वारा कुश्ती के लिए गठित तदर्थ पैनल की पेरिस ओलंपिक के लिए नई चयन नीति की प्रशंसा या आलोचना करने से बचते हुए कहा कि इसके अपने फायदे और नुकसान है।

नई नीति के मुताबिक पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भारतीय कुश्ती दल को दो चरण वाली चयन प्रक्रिया से गुजरना होगा जिसमें कोटा स्थान अर्जित करने वाले पहलवान को जून में चैलेंजर से भिड़ना होगा। इस मुकाबले के



विजेता को चार साल में होने वाले खेल आयोजन में देश के प्रतिनिधित्व का मौका मिलेगा। योगेश्वर ने कहा कि चयन नीति तय करना देश में खेल चलाने वाले अधिकारियों का विशेषाधिकार है। योगेश्वर ने 10 से 17 दिसंबर तक यहां होने वाले खेलो इंडिया पैरा खेलों के शुभंकर और प्रतीक चिन्ह के लॉन्च के मौके पर कहा, पहले ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले पहलवान को ही देश के प्रतिनिधित्व का मौका मिलता था लेकिन नई चयन नीति के अनुसार ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली अंतिम पंघाल का भी पेरिस जाना भी सुनिश्चित नहीं है। उसे इसके लिए ट्रायल से गुजरना होगा।अब तक कोई ट्रायल नहीं हुआ है। मैं अपने समय की बात कर रहा हूं। जो कोटा जीतता था वह देश का प्रतिनिधित्व करता था। अधिकारियों ने यह नियम बनाया है और हमें इसका सम्मान करना होगा। यह महासंघ का विशेषाधिकार है कि वह नियम बनाये और नियमों में संशोधन करें।

### चैलेंजर का चयन 31 मई को होगा

*आईओए द्वारा गठित तदर्थ समिति ने शनिवार को एक बयान में कहा था कि सभी चैलेंजर का चयन 31 मई को किया जाएगा। चैलेंजर और ओलंपिक कोटा विजेता के बीच मुकाबला एक जून को होगा। योगेश्वर ने कहा कि नई चयन नीति अच्छी या बुरी हो सकती है, यह इस पर निर्भर करता है कि कोई इसे कैसे लेता है। उन्होंने कहा, 'इस नीति के दो पहलू हैं। पहला, जिसने भी कोटा अर्जित किया है वह स्वतंत्र मन से तैयारी कर सकता है। लेकिन, इसका एक सकारात्मक और एक नकारात्मक पहलू है। पहलवानों को अगर पता होगा कि उन्हें ट्रायल से गुजरना होगा तो इसके बारे में सोचेंगे और तैयारी पर ध्यान देंगे।'*



## टैग मिलने पर इमोशनल हुए रणबीर कपूर...

मुंबई। रणबीर कपूर इन दिनों वो अपनी फिल्म एनिमल की वजह से सुर्खियां बटोर रहे हैं। रणबीर और रश्मिका ने हाल ही में इंडियन आइडल के एक एपिसोड में अपनी फिल्म एनिमल के प्रमोशन के लिए शिरकत की। इस दौरान रणबीर कपूर के लिए उनके ससुर और जाने-माने डायरेक्टर महेश भट्ट ने एक खास मैसेज भेजा, जिसमें उन्होंने उनको बेस्ट फादर भी बताया। वीडियो में महेश ने कहा, मेरा मानना है कि रणबीर दुनिया के बेस्ट पिता हैं। इसके बाद उन्होंने कहा- मुझे गर्व है कि मेरे पास रणबीर जैसा दामाद हैं। फिर क्या था अपने ससुर के मुंह से इतनी तारीफ सुन रणबीर इमोशनल हो गए।

लाइफ Style



## करीना
### 13 साल की उम्र में दे बैठी थीं दिल

एजेंसी ▸▸ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर बी-टाउन की पॉपुलर एक्ट्रेसेस में से एक हैं। अपनी शानदार एक्टिंग के दम पर बेबो इंडस्ट्री और फैंस के दिलों पर राज करती हैं। करीना ने 'रिफ्यूजी' के जरिए एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। इसके बाद एक्ट्रेस कई और बेहतरीन फिल्मों में नजर आईं।

फिल्मों के अलावा करीना ओटीटी पर अपना परचम लहरा रही हैं। उन्होंने हाल ही में सुजाय घोष की वेब सीरीज 'जाने जां' में नजर आई थीं। अभिनेत्री अपने करियर के अलावा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी काफी चर्चा में रहती हैं। करीना को 13 साल की उम्र में एक अभिनेता से प्यार हो गया था। एक इंटरव्यू के दौरान करीना ने खुलासा किया कि एक अभिनेता से प्यार हो गया और उसने उसे अपना पहला प्यार और सोलमेट कहा था। ये कोई और नहीं बल्कि फिल्म 'आज के शहंशाह' के लीड एक्टर विक्की निहलानी थे। अभिनेत्री ने कहा, विक्की निहलानी और मैं एक तरह से 'सोलमेट' हैं। वह हमेशा मेरे साथ खड़े रहे हैं। वह मेरा पहला प्यार है, जब मैं 13 साल की थी तो मुझे उससे प्यार हो गया। जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने भविष्य की क्या योजना बनाई है, तो अभिनेत्री ने कहा, भविष्य के लिए कुछ भी तय नहीं है। जल्दबाजी है। हम अभी भी अपने करियर पर काम कर रहे हैं, लेकिन हां, अभी हम साथ हैं। विक्की दिग्गज निर्माता पहलाज निहलानी के बेटे हैं। ब्रेकअप के बाद विक्की निहलानी ने इटालियन महिला जस्टिन रुमेउ से शादी कर ली।

हॉलीवुड मसाला



## न्यूयॉर्क में किया नाइट आउट

लॉस एंजेलिस। केटी होम्स एक जानी मानी अमरिकी फिल्म एक्ट्रेस हैं, जो अक्सर किसी न किसी वजह को लेकर चर्चा में रहती हैं। एक्ट्रेस को न्यूयॉर्क सिटी में दोस्त के साथ नाइट आउट पर स्पॉट किया गया, जहां उनकी तस्वीरें पैपराजी के कैमरे में कैद हो गईं। अब केटी की ये तस्वीरें इंटरनेट पर खूब देखी जा रही हैं। लुक की बात करें तो इस दौरान एक्ट्रेस ब्राउन कलर के डस्टर कोट के साथ लूज पैंट में नजर आईं। चेहरे पर ब्लैक शेड्स और बालों पर व्हाइट कैप से लुक को कंप्लीट करती एक्ट्रेस का विंटर लुक देखते ही बन रहा है।



## एलए की सड़कों पर आउटिंग करती नजर आईं सोफिया...

लॉस एंजेलिस। सोफिया वेरगारा एक जानी मानी कोलंबियाई-अमेरिकी एक्ट्रेस और मॉडल हैं, जो अक्सर अपने लुक्स को लेकर चर्चा में रहती हैं। हाल ही में इस एक्ट्रेस को लॉस एंजेलिस में आउटिंग पर स्पॉट किया गया, जहां एक बार फिर वह अपने लुक से फैंस को इंप्रेस करती नजर आईं। एक्ट्रेस की ये तस्वीरें अब इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। डेनिम शर्ट और पैंट के साथ ब्लैक लैदर हाई बूट्स से एक्ट्रेस ने अपने लुक को कंप्लीट किया और साथ ही ब्लैक पर्स भी कैरी किया था। चेहरे पर चश्मा और खुले बालों से अपने लुक को स्टाइलिश बनाते हुए सोफिया एलए की सड़कों पर जबरदस्त पोज दे रही हैं।



## कैट का हुआ था मौत से आमना-सामना

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ इन दिनों 'टाइगर 3' को लेकर सुर्खियों में हैं, जिसमें उनके साथ एक बार फिर सलमान खान लीड रोल में हैं। इस बीच सोशल मीडिया पर कैटरीना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर छाया हुआ है, जिसमें वह अपनी जिंदगी के सबसे मुश्किल पलों के बारे में बात करती नजर आ रही हैं। ये वो पल था, जब वह अपनी मौत के बिलकुल पास थीं। कैटरीना इस वीडियो में अपने साथ हुई इस दुर्घटना के बारे में बात करते हुए कह रही हैं- 'मैं चॉपर में सवार थी, लेकिन ये अचानक ही तेजी से हिलने-डुलने लगा। हेलीकॉप्टर बेहद अशांत होने लगा और अचानक तेजी से नीचे गिरने लगा। उस पल मुझे बस यही लग रहा था कि हे भगवान ये मेरी जिंदगी का अंत है। ये मेरे आखिरी पल है। मेरे दिल-दिमाग में उन दिनों बस एक ही चीज चल रही थी।



## छलका दर्द, सुनाई स्ट्रगल की आपबीती

मुंबई। 'मिर्जापुर', 'शी' और 'डार्लिंग्स' जैसी फिल्मों में नजर आ चुके विजय वर्मा ने अपने स्ट्रगल की कहानी मीडिया को बताई है। विजय वर्मा ने हाल ही में खुलासा किया है कि उन्हें एक फिल्म से सिर्फ इसलिए निकाल दिया गया था, क्योंकि उन्हें अंग्रेजी नहीं आती थी। एक्टर का ये भी कहना है कि फिल्म में उनका बहुत छोटा रोल था। विजय वर्मा ने बताया कि उन्होंने सरवाइव करने के लिए एक ऐसी फिल्म के लिए हामी भरी, जो वह कभी नहीं करना चाहते थे। उन्होंने सिर्फ पैसे के लिए उस फिल्म को साइन किया, लेकिन ऐन मौके पर उन्हें मेकर्स ने ही बाहर का रास्ता दिखा दिया था, वो भी सिर्फ अंग्रेजी ना आने के चलते। उन्होंने कहा, मेरे लिए हमेशा से कोई भी भूमिका बहुत मायने रखती है, लेकिन एक समय आया जब मैं अपने सबसे बुरे वक्त में था और मेरे पास पैसे नहीं थे।

टीवी मसाला




## विरासत को आगे बढ़ा रहे समृद्धि शुक्ला और शहजादा धामी...

मुंबई। टीवी के पॉपुलर सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में ऑडियंस ने जेनरेशन लीप देखा है। इसके बाद समृद्धि शुक्ला और शहज़ादा धामी इस शो की विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। हाल ही में, मेकर्स ने दर्शकों के लिए शो का एक दिलचस्प प्रोमो पेश किया है। इस प्रोमो में एक ऐसा ट्विस्ट दिखाया गया है जो अभीरा की जिंदगी को उलट-पुलट करने के लिए तैयार है। दर्शकों को शो में एक बड़ा ड्रामा देखने को मिलेगा, जिसमें अभिरा और अरमान को बचाने के दौरान अक्षरा की मौत हो जाएगी, लेकिन यहां एक ट्विस्ट आता है, अभिरा और अरमान अप्रत्याशित परिस्थितियों में शादी कर लेते हैं। अभिरा और अरमान की शादी और अक्षरा के निधन के बाद उनके जीवन में जो ड्रामा सामने आता है, उसे देखना दिलचस्प होगा। दर्शकों को अभिरा और अरमान की विभिन्न प्रकार की भावनाएं देखने को मिलेंगी और उनके जीवन में हई इस ट्रेजडी के बाद उनके संबंध भी बदल जाएंगे। इस पर बात करते हुए एक्ट्रेस समृद्धि शुक्ला उर्फ अभिरा साझा करती हैं, अभिरा की दुनिया उसकी मां अक्षरा के निधन के कारण बिखर गई है। अक्षरा ही अभिरा की दुनिया थी, और अब उसकी मौत के बाद अभिरा का जीवन बदल जाएगा।

## किसान बनकर जिंदगी जी रहे साराभाई वर्सेस साराभाई फेम राजेश कुमार...



मुंबई। 'साराभाई वर्सेस साराभाई' फेम राजेश कुमार को तो हर कोई जानता है। इस शो में उन्होंने रोसेश साराभाई की भूमिका निभाई थी, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया था। लंबे समय से ही राजेश टीवी की दुनिया से दूर हैं। हाल ही में उन्होंने अभिनय से पीछे हटने और खेती पर ध्यान देने के अपने फैसले पर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि वह शो बिजनेस से परेशान हो गया था। उन्होंने कहा उन्हें जिस तरह का काम मिल रहा था, वह उन्हें पसंद नहीं थी। वह उससे बिल्कुल भी संतुष्ट नहीं थे। एक इंटरव्यू में राजेश ने कहा कि 2017 में उन्होंने एक्टिंग की दुनिया से ब्रेक लिया। उन्होंने अपने पिता से कहा कि वह अपनी पैतृक भूमि पर काम करना चाहेंगे। अपनी बात जारी रखते हुए एक्टर ने कहा, मुझे लगा कि मैं एक अभिनेता के रूप में विकसित नहीं हो रहा हूं, लेकिन खेती की दुनिया में मैं एक खाली कैनवास वाले चित्रकार की तरह था।

## सिर्फ एक ऊंट के कारण सुनील दत्त ने बंद कर दी थी फिल्म की शूटिंग

*मुंबई। एक्टर सुनील दत्त अपने काम को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करते थे। वह अपनी फिल्मों में परफेक्शन के लिए मशहूर थे और हर बारीकी का ध्यान रखते थे। अगर सीन के जरूरत से हिसाब से उन्हें चीजें परफेक्ट नहीं मिलती थी तो वह एक सेकंड में शूट बंद देते थे। एक बार तो सुनील दत्त ने सिर्फ एक ऊंट की वजह से फिल्म की शूटिंग रोक दी थी।*



### एक सीन के लिए कर दी ऐसी डिमांड

दरअसल, सुनील दत्त की फिल्म 'रेशमा और शेरा' की शूटिंग चल रही थी। एक्टर को मूवी के एक सीन के लिए 100 ऊंटों की जरूरत थी। इस फिल्म के लिए प्रोडक्शन कंट्रोलर के तौर पर करण जौहर के पिता यश जौहर काम कर रहे थे। फिल्म कैंपेनियन के साथ इंटरव्यू के दौरान करण जौहर ने बताया, दत्त साहब ने मेरे पिता से फिल्म के एक सीन के लिए 100 ऊंटों की मांग की। मेरे पिता प्रोडक्शन कंट्रोलर थे। वह रातोंरात आसपास के गांवों में ऊंटों का पता लगाने के लिए पहुंच गए।

### डिमांड पूरी करने में यश जौहर हो गए थे फेल

यश जौहर 100 ऊंटों का पता लगाते-लगाते बहुत थक गए थे और वह सोए नहीं थे। करण जौहर ने आगे बताया, मेरे पिता दत्त साहब के पास पहुंचे और उन्हें बताया कि 100 ऊंटों की व्यवस्था नहीं हो पाई है, लेकिन 99 ऊंट मिल गए हैं। ये बात सुनकर दत्त साहब ने मेरे पिता की तरफ देखा और कहा पैकअप। फिर वह सेट छोड़कर चले गए। सुनील दत्त इस बात को लेकर काफी सीरियस थे कि उन्हें एक सीन के लिए 100 ऊंटों की जरूरत थी, लेकिन 99 ऊंट ही मिल पाए थे।

## जाह्नवी ने दिया ग्लैमरस तस्वीरों का ट्रीट...

मुंबई। जाह्नवी कपूर ने एक बार फिर अपनी खूबसूरती से फैंस के दिलों पर जादू कर दिया है। एक्ट्रेस ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी नई फोटोज शेयर की हैं, जिन्हें देख नेटीजंस तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। जाह्नवी अपनी अदाकारी के साथ-साथ खूबसूरती को लेकर अक्सर ही सुर्खियों का हिस्सा बनी रहती हैं। जाह्नवी ने इंस्टाग्राम पर अपनी नई तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह गुलाबी साड़ी, गले में बड़े-बड़े स्टोंस से बना चोकर नेकलेस पहने नजर आ रही हैं। माथे पर बिंदी और लाइट पिंक मेकअप के साथ जाह्नवी किसी अप्सरा से कम नहीं लग रही हैं। जाह्नवी सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और अक्सर ही अपने फैंस को ग्लैमरस तस्वीरों और वीडियोज की ट्रीट देती रहती हैं।



## जैकलीन हुईं विशिष्ट पुरस्कार से सम्मानित

मुंबई। बॉलीवुड दिवा जैकलीन फर्नांडीज के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। हाल ही में उन्हें डिस्टिंक्टिव इंटरनेशनल अरब फेस्टिवल अवाड्र्स के सातवें संस्करण में विशिष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें फिल्म इंडस्ट्री में असाधारण योगदान के लिए मिला है। इस अवॉर्ड शो के दौरान एक्ट्रेस तुर्की एक्टर बुरक डेनिज के साथ भी पोज देती नजर आईं।



## मकान खरीदने की अफवाह पर अदा ने तोड़ी चुप्पी

मुंबई। एक्ट्रेस अदा शर्मा को लेकर लंबे समय से अफवाहें थीं कि वे दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत का घर खरीदने वाली है। लेकिन अब अदा शर्मा ने इसपर खुलकर बात की। सुशांत सिंह राजपूत का घर खरीदने की खबरों पर अदा ने कहा, मेरा घर मेरा मंदिर है, मैं नहीं चाहूंगी कि मैं जहां रह रही हूं उसके बारे में हर अखबार और फोन इस बारे में बातें फैलाए। अगर मैं शिफ्ट होने का फैसला करती हूं तो भी मैं इस तरह से खबर की अनाउंसमेंट नहीं करूंगी। मैं इसे अपने तरीके से शेयर करना चाहूंगी।



## अपना थिएटर खोलने की तैयारी कर रहे सलमान

मुंबई। एक्टर सलमान खान कुछ साल पहले देश के कई शहरों में 'सलमान टॉकीज' नाम से अपना थिएटर खोलने वाले थे। लेकिन कोरोनो वायरस की वजह से यह काम बीच में ही रुक गया था। सलमान ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट को लेकर बात की है। इस सवाल पर कि क्या वे अपने पैशन प्रोजेक्ट पर काम करने की सोच रहे हैं, सलमान ने कहा- मै करूंगा, अगले साल तक मैं शुरू कर दूंगा। यह एक लंबा प्रॉसेस है। हम उस पर धीरे-धीरे, लगातार लेकिन जरूर शुरुआत करेंगे।



# कायस्थ महासभा ने मनाया महाकवि हरिवंश राय बच्चन की जयंती, शालिनी श्रीवास्तव को किया सम्मानित



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सोमवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा गाजीपुर के तत्वावधान में महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में उनके चंदन नगर स्थित आवास पर महाकवि एवं गीतकार हरिवंश राय बच्चन जी की जयंती पर विचार एवं काव्य गोष्ठी तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विचार एवं काव्य गोष्ठी आरंभ होने के पूर्व महासभा के सभी पदाधिकारियों एवं कवियों ने हरिवंश राय बच्चन जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव ने जनपद की नवोदित कवियत्री शालिनी श्रीवास्तव को प्रशस्ति पत्र एवं अंगम्‍ वस्त्र प्रदान कर हरिवंश राय बच्चन स्मृति सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर महासभा की नवनियुक्त महिला सभा की जिलाध्यक्ष क्षमा श्रीवास्तव का और कविगणों का भी स्वागत करते हुए माल्यार्पण कर एवं अंगम्‍ वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित काव्य गोष्ठी का शुभारंभ नवोदित कवि अरुण सिन्हा की रचना"चैन की बंशी बजा दे कन्हैया "से हुई।

मशहूर कवि विजय कुमार मधुरेश ने "डर चमन से नहीं बहारों से है,

तुफां से नहीं डर किनारों से है,

पालकी में बिठाकर लिये जा रहे दुल्हनों को,

तो डर बस? कहारों से है।"

के माध्यम से वर्तमान राजनीतिक एवं सामाजिक हालात पर कटाक्ष किया।

कवि दिनेश कुमार शर्मा द्वारा प्रस्तुत गीत"एक गीत लिख रहा हूं,

एक दर्द लिख रहा हूं,

तेरी याद में सब कुछ भूल रहा हूं,

फिर भी तेरी याद में कई खत ,

सुबह और शाम लिख रहा हूं।"

को श्रोताओं द्वारा खुब सराहा गया ।

कवि आशुतोष श्रीवास्तव ने अपने प्रस्तुत मुक्तक? के माध्यम से

"इस माइक,मंच और माला ने,

क्या क्या न करा डाला,

कभी खुद को श्री, श्रीमान लिखा,

कभी खुद को लिखा वरिष्ठ,

खुद से पहनी माला,

और बन गये अतिथि विशिष्ट।"से वर्तमान राजनीतिज्ञों पर व्यंग्य कसा।

कवियत्री शालिनी श्रीवास्तव ने अपनी रचना

"विश्व का युद्धघोष है,

स्वयं का परितोष है,

प्रमाद युद्ध का,

तुम रोक दो।"

से विश्व में छिड़े युद्धों पर चिंता जाहिर की।

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव ने हरिवंश राय बच्चन जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए उन्हें देश का महान कवि एवं गीतकार बताया। उन्होंने कहा कि बच्चन जी की रचनाएं मानवीय संवेदनाओ से भरी पड़ी है। उन्होंने कहा कि उनकी रचनाओं में जीवन,उत्साह, उम्मीद और आत्मबल है।उनकी कवितायें घोर निराशा के क्षणों में एक उम्मीद जगाने के साथ साथ रोशनी के किरण की तरह हमें रास्ता दिखाती है।

इस विचार एवं काव्य गोष्ठी में मुख्य रूप से प्रेम कुमार श्रीवास्तव, चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, शैल श्रीवास्तव, अमरनाथ श्रीवास्तव ,अजय कुमार श्रीवास्तव, राजेश कुमार श्रीवास्तव,अतुल कुमार सिन्हा,के सिन्हा, प्यारे मोहन श्रीवास्तव, सिद्धार्थ शेखर श्रीवास्तव, अनूप कुमार श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव,अश्वनी कुमार श्रीवास्तव, नवीन श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव नन्हे, शिवम्‍ श्रीवास्तव, हर्ष, आर्यन, प्रियांशु, हिमांशु, मेघा, रिया, माधुरी श्रीवास्तव, विभा श्रीवास्तव, उर्मिला श्रीवास्तव, ममता श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। इस काव्य एवं विचार गोष्ठी की अध्यक्षता एवं संचालन महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव ने किया।

# कृषि विज्ञान केंद्र, वाराणसी पर डी.डी. किसान की टीम का भ्रमण



प्रखर जौनपुर। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, वाराणसी के परिसर पर आज डी.डी. किसान की टीम द्वारा श्री अन्न पर महिला महाचौपाल चर्चाद विकसित भारत संकल्प यात्रा की हकीकत जाने हेतु आराजी लाइन विकासखंड के भद्रासी न्याय पंचायत में चल रही चौपाल /मोबाइल वैन द्वारा केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का रिकॉर्डिंग हुई। कल डी.डी. किसान की टीम नई दिल्ली द्वारा वाराणसी के पिंडरा तहसील के अंतर्गत उंदपुर एवं कछियाँ गाँव में चौपाल चर्चा कार्यक्रम में पहुँची थी । उदपुर में विकसित संकल्प यात्रा एवं कछियाँ में राष्ट्रीय औद्यानिक मिशन विषय पर चौपाल चर्चा की रिकॉर्डिंग की गयी।

चौपाल चर्चा की मुख्य ऐंकर राधिका व कैमरामैन दीपक के साथ कृषि विज्ञान केंद्र, कल्लीपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉक्टर नरेंद्र रघुबंशी, डॉक्टर प्रतीक्षा सिंह, डॉक्टर राहुल सिंह, डॉक्टर मनीष पांडेय, डॉक्टर अमितेश सिंह एवं श्रीप्रकाश के साथ साथ प्रगतिशील किसान आत्मानंद पटेल, हरिशंकर सिंह, राजेंद्र शर्मा, सौरव रघुवंशी, मरजाद यादव, इंद्रसेन सिंह, राजेंद्र शर्मा, अनीता देवी, भगवानी देवी, सरिता, चंद्रकला इत्यादि महिला किसानों ने खेती पर आयोजित चौपाल चर्चा में मोटे अनाज,खाद्य प्रसंस्करण व मूल्य संवर्धन पर अपनी बात रखी।

## प्रदेश सरकार द्वारा गन्ने का मूल्य निर्धारित नहीं करना किसानों के साथ धोखा : रामचन्द्र सिंह

प्रखर कुशीनगर। बताते चले एक तरफ तो प्रदेश सरकार किसानों के हित में सिर्फ कागजों के माध्यम से जुमलेबाजी करने में लगी है। जमीनी स्तर पर किसान हित में कुछ दिख नही रहा है वही किसानों के फसलों के दामों को सरकार खुद तय कर रही है और दूसरी तरफ किसानों के फसलों को उधोगपति खरीद कर मनमानी तरीके से खाने से लेकर पीने की बस्तुओं पर अपना मूल्य खुद तय कर रहे है जिससे मंहगाई की मार सभी वर्ग के लोग झेल रहे है और सरकार मूकदर्शक बनी हुयी है और महंगाई को नियन्त्रण करने में सरकार हर पहलु पर विफल नजर आ रही है। एक लीटर पानी की कीमत 15 से 20 रुपये है और वही किसानों के गन्ने का मूल्य 3.50 (तीन रुपये पचास पैसे प्रति किलो है) जबकि, किसानों का गन्ना पैदा करने में एक वर्ष लग जाते है। खाद, बीज उर्बरक, कीटनाशक दवाइयों,डीजल के दाम आसमान छू रहे है और गन्ने के



मूल्य में कोई विशेष बढ़ोत्तरी देखने को नही मिल रही है। गन्ने का पेराई सत्र 2023-24 शुरू हो चुका है मगर योगी सरकार अभी तक किसानों के गन्ने का मूल्य निर्धारित नही किया जो किसानों के साथ धोखा है। जनपद कुशीनगर में चीनी मिलें संचालित हो चुकी है मगर जिस पर्ची पर किसान अपने गन्ने को चीनी मिलों को दे रहे है उसपर गन्ने का मूल्य अंकित नही किया जा रहा है। उक्त बातें भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता) की जिला इकाई, कुशीनगर के जिलाध्यक्ष रामचन्द्र सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराये है। आगे जिलाध्यक्ष रामचन्द्र सिंह ने प्रदेश सरकार से माँग किया है कि महँगाई को देखते हुए किसानों के गन्ने का मूल्य 500/- (पांच सौ रुपये) प्रति कुन्तल सरकार करें तभी किसानों के गन्ने की लागत मूल्य सही मिल सकता है और गन्ना किसानों का भला हो सकता है।

## धन गबन के मामले में जेई को ईओडब्ल्यू ने कानपुर से किया गिरफ्तार

प्रखर वाराणसी। लगभग 10 वर्ष पुराने जनपद गाजीपुर में पर्यटन विकास और सौंदर्याकरण कार्य के दौरान करोड़ों रु शासकीय धन गबन के मामले में ईओडब्ल्यू वाराणसी ने रविवार को पीडब्ल्यूडी कानपुर में कार्यरत जेई गोपाल सिंह कुशवाहा को कानपुर से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है।जनपद गाजीपुर के ब्लॉक भदौरा अंतर्गत पांच अलग अलग स्थानों पर पर्यटन विकास और सौंदर्याकरण का कार्य वर्ष 2012- 13 के दौरान किया जाना था। शासन ने कार्यदायी संस्था 'उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड भदोही (वाराणसी) को यह कार्य आबंटित किया था। इस कार्य के लिए उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा कुल लगभग 8.17 करोड़ रुपया अवमुक्त किया गया था, जिसमे से लगभग 1.17 करोड़ रु का कार्य मानक के अनुरूप और पूर्ण किया जाना पाया गया। लगभग 07 करोड़ रुपया के भुगतान वाली कार्य अधूरा और मानक के अनुरूप नहीं पाया गया। प्रकरण की शिकायत प्राप्त होने पर जांच अधिकारी अविनाश चंद मिश्रा तत्कालीन संयुक्त निदेशक पर्यटन वाराणसी एवं विंध्याचल मंडल के द्वारा 12 सितम्बर 2017 को उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक, अभियंता, उप अभियंता, लेखाकार आदि एवं ठेकेदार, उप ठेकेदार, पी आर वी आदि के विरुद्ध शासकीय धन गबन किए जाने का अभियोग थाना गहमर जनपद जौनपुर पर पंजीकृत कराया था।प्रकरण को गंभीरता को देखते हुए शासन के द्वारा इसकी विवेचना आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन वाराणसी को सुपुर्द किया गया। जांचकर्ता तेज तर्रार निरीक्षक सुनील कुमार वर्मा ने शासकीय धन के बंदरबाट में तत्कालीन परियोजना निर्देशक, अभियंता, उप अभियंता, लेखाकार और कैशियर के साथ साथ ठेकेदारों को भी दोषी पाया है। प्रकरण में सलिस अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए



मुख्यालय ईओडब्ल्यू लखनऊ के द्वारा गिरफ्तारी हेतु चलाए गए अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ईओडब्ल्यू वाराणसी डी प्रदीप कुमार के द्वारा निरीक्षक सुनील कुमार वर्मा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। टीम द्वारा शनिवार को रात्रि में पीडब्लूडी कार्यालय कानपुर देहात में कार्यरत जेई गोपाल सिंह कुशवाहा को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त पूर्व में प्रतिनियुक्ति पर उप अभियंता के पद पर उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड में कार्यरत था। अभियुक्त गोपाल सिंह कुशवाहा पुत्र जगदीश नारायण निवासी लवकुशपुरम, कानपुर का निवासी है। अभियुक्त की गिरफ्तारी शासकीय धन का दुर्विग्रोजन और गबन किए जाने के आरोप में किया गया, जिसे भ्रष्टाचार न्यायालय वाराणसी में रिमांड हेतु प्रस्तुत किया जायेगा। गिरफ्तारी टीम के सदस्य उप निरी जटाशंकर पांडे, मुख्य आरक्षी रामाश्रय सिंह, विनोद यादव और आरक्षी राजकिशोर सभी ईओडब्ल्यू वाराणसी आदि रहे।

# भारत विकास परिषद श्रद्धा शाखा का स्थापना दिवस एवं दीपोत्सव का कार्यक्रम का आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। भारत विकास परिषद श्रद्धा शाखा का स्थापना दिवस एवं दीपोत्सव का कार्य रामाश्रय वाटिका, कचहरी पर आयोजित हुआ सर्वप्रथम मां भारती एवं विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत हुई संस्था के अध्यक्ष संजीव सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। संस्थापक सदस्यों के सम्मान में सर्वप्रथम शाखा के संस्थापक योगेश कुमार श्रीवास्तव एवं संस्थापक अध्यक्षा विनीता श्रीवास्तवा व अन्य संस्थापक सदस्यों का सम्मान किया गया ` संस्थापक योगेश कुमार श्रीवास्तव ने संस्था के 14 वर्षों के कार्य का विवरण सबके समक्ष रखा उसके बाद दीपोत्सव तथा डांडिया के रंगारंग कार्यक्रम विधिवत शुरूआत हुई` कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के गेम शो, डांडिया,लकी ड्रा, फैंसी ड्रेस आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।पूरे कार्यक्रम का संयोजन अवधेश पाण्डेय व मंजू पाण्डेय जेने किया` कार्यक्रम का संचालन डॉ.रत्नेश चन्द्र



अग्रवाल व आशा रौनियार एवं अभिषेक सिंह एवं विनीता सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन विवेक तिवारी ने किया इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय, क्षेत्रीय , प्रांतीय पदाधिकारी समेत संस्था के आर. पी.सिंह, उषालता सिंह, नरेन्द्र सिंह, कुसुम सिंह, राजीव कुमार पाण्डेय, अमृता पाण्डेय, नेहा अग्रवाल, प्रसून अग्रवाल, राजुल अग्रवाल , वंदना अग्रवाल ,राहुल शाह , कुमुद शाह ,राकेश जैन ,सविता जैन, शशिकांत शुक्ल, पायल शुक्ला,सुषमा सिंह,अनिल भट्टाचार्य, गोपाल जी अग्रवाल, देवानंद सिंह, रतन चन्द्र वर्मा, सुबोध रॉय सहित इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## विचार अभिव्यक्ति में मिसबाह फातिमा, आभा, करन प्रीत, अंकल, गुंजन का रहा जलवा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। साहित्य चेतना समाज के तत्वावधान में गाजीपुर नगर के तुलसीसागर स्थित सभागार में विचार-अभिव्यक्ति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रविवार को देर शाम तक चले इस कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय महिला पी.जी. कॉलेज, गाजीपुर की प्राचार्य डॉ.सविता भारद्वाज एवं गाँधी शती स्मारक पी.जी.कॉलेज गरूआ मकसूदपुर के पूर्व प्राचार्य प्रो.अमरनाथ राय ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर किया। चार वर्गों में आयोजित इस प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग के अन्तर्गत कक्षा 4 से 6, मध्यम वर्ग में कक्षा 7 व 8, ज्येष्ठ वर्ग में कक्षा 9 व 10, वरिष्ठ वर्ग में कक्षा 11 व 12 में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कनिष्ठ वर्ग हेतु 'मेरा प्रिय विषय' विषयक प्रतियोगिता में न्यू होराइजन एकेडमी कु. मिसबाह फातिमा ने प्रथम, लूर्दस कान्वेंट बा.इ. कॉलेज की कु. अनुष्का प्रजापति ने द्वितीय एवं समता पब्लिक स्कूल कालूपुर के आर्यन कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एस.एस. पब्लिक स्कूल बवाड़ा की कु. संस्कृति यादव व कु. सृष्टि यादव,समता पब्लिक स्कूल कालूपुर के आनन्द यादव व वेदांत सिंह एवं द



प्रीसिडियम इण्टरनेशनल स्कूल की कु. शिव्या शाह प्रशंसित स्थान पर रहीं। मध्यम वर्ग हेतु 'वर्तमान समय में इण्टरनेट की उपयोगिता' विषयक प्रतियोगिता में न्यू होराइजन एकेडमी की कु.आभा दूबे ने प्रथम,इसी विद्यालय की कु.आराध्या तिवारी व सनबीम स्कूल महाराजगंज के प्रखर राय ने संयुक्त रूप से द्वितीय एवं न्यू होराइजन एकेडमी की कु.धैर्या चतुर्वेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शाह फैज पब्लिक स्कूल की कु.पलक राय व कु. मोनी, समता पब्लिक स्कूल के ऋषिकेश यादव,न्यू होराइजन एकेडमी की कु.दिशा राय व कु. रंजना प्रशंसित स्थान पर रहीं। ज्येष्ठ वर्ग में समता पब्लिक स्कूल कालूपुर की आँचल यादव ने प्रथम, इसी विद्यालय की कु.अंशी यादव व सेन्ट जॉन्स स्कूल की कु.करनप्रीत कौर ने संयुक्त रूप से द्वितीय एवं समता पब्लिक स्कूल की कु.अर्पिता सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एम.जे.आर.पी.पब्लिक स्कूल की कु.गौरी त्रिपाठी, ब्लासम एकेडमी जीवपुर के सोनू यादव,शाह फैज पब्लिक स्कूल के उत्कर्ष सिंह,सेन्ट जॉन्स स्कूल की कु.रितिका मौर्या एवं एवरग्रीन पब्लिक स्कूल की कु.साक्षी श्रीवास्तव प्रशंसित स्थान पर रहीं।वरिष्ठ वर्ग में समता पब्लिक स्कूल की कु.गुंजन यादव व कु.काजल यादव ने क्रमशः प्रथम व तृतीय एवं एस.एस.पब्लिक कान्वेंट स्कूल जंगीपुर की कु.नीतिका सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।निर्णायक-मण्डल में सरोज यादव, ब्रजभूषण श्रीवास्तव, डॉ.एकता गौतम, शालिनी श्रीवास्तव, डॉ.समरेन्द्र नारायण मिश्र, डॉ.नेहा कुमारी एवं आनन्द अमित रहे। परिणामो की घोषणा संस्था के संस्थापक अमरनाथ तिवारी अमर ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संस्था के अध्यक्ष डॉ.रविनन्दन वर्मा,सचिव हीरा राम गुप्ता,राजीव मिश्र,हर्षित श्रीवास्तव,डॉ.शिवकुमार,सहजानन्द राय,उरूज फात्मा,संजीव कुमार आदि उपस्थित रहे। संचालन अनुश्री एवं धन्यवाद ज्ञापन संस्था के संगठन सचिव प्रभाकर त्रिपाठी ने किया।

## 2024 में बनेगी कांग्रेस की सरकार : संतोष कुमार गिरी

प्रखर केराकत जौनपुर। जौनपुर जिला महासचिव एवं केराकत विधानसभा प्रभारी और उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य डाक्टर सन्तोष कुमार गिरी नें केराकत तहसील क्षेत्र के खर्गसेनपुर थानागद्दी में अपनें आवास पर एक प्रेस वार्ता के जरिये मीडिया को बताया कि मैं सर्व प्रथम बधाई देता हूँ सत्यवीर सिंह को कि इन्हें दूसरी बार और पंकज सोनकर को पहलीबार उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी नें सौपी है सचिव की जिम्मेदारी। और मैं उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष श्री अजय राय जी को भी बधाई देता हूँ और कहना चाहताहूँ कि आप भी बधाई के पात्र हैं। कि आप नें अपनीं कमेटी को जारी किया ऊजार्वान और संगठन की समझ रखने वाले नौजवानों को जहाँ एक तरफ पार्टी की जिम्मेदारी दी गई है वहीं कई पूर्व विधायक और अन्य फ्रंटल संगठनों के मुखिया को भी अब मुख्य धारा से लाकर जोड़कर संगठन 2024 के लिए तैयार करने



का पुरजोर प्रयास किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष श्री अजय राय जी को मैं पुनः बधाई देता हूँ कि आप बधाई के पात्र हैं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य डाक्टर सन्तोष कुमार गिरी नें कहा कि मैं सभी सम्मानित कांग्रेस पार्टी के लोगों से आग्रह और निवेदन करता हूँ कि आपलोग एक चीज का विशेष ध्यान दें कि किसी का नाम वोटर लिस्ट से छूटने नपाये सभी वोटर का नाम वोटर लिस्ट में डलवायें। और 2024 में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनानेके लिये जनता से कहें ताकि महंगाई, बेरोजगारी से निजात मिलसके और सभी जनता के चेहरों पर खुशी रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बढ़ती हुई प्रतियोगिता के माहौल में बच्चों को प्रतियोगी होना आवश्यक : संजय यादव



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जमानिया थाना क्षेत्र के ग्राम देवैथा में साधु जी का कुटिया पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वही प्रतियोगिता का नर्सरी कहा जाने वाला ग्राम देवैथा में जिला स्तरीय प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित उप जिलाधिकारी सेवराई संजय यादव ने कहा कि आज बढ़ती हुई प्रतियोगिता के माहौल में सभी बच्चों को प्रतियोगी होना अति आवश्यक है। वही कार्यक्रम संचालन कर रहे मुस्लिम राजा खान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 945 बच्चे एवं बच्चियों ने हिस्सा लिया इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान देवैथा हाजी गयासुद्दीन खान, समाज सेवक अरविंद यादव एवं प्रधान प्रतिनिधि रामपुर फूफूआव सैफ खान एव सुधीर मौर्या मौजूद रहे । कार्यक्रम के वक्ता के रूप में शामिल आसिफ गाजीपुर , तौसीफ गोया एवं मास्टर खालिद खान रहे साथ-साथ मंच संचालन का कार्यभार मुस्लिम राजा खान ने संभाला । ज्ञात हो को कार्यक्रम का अयोजन राकेश कुमार , नरेन्द्र चौधरी, सुमित प्रजापति एव अमित प्रजापति थे। प्रतियोगिता को तीन ग्रुप में बांटा गया था जिसमें लड़का एवं लड़कियों का अलग-अलग ग्रुप था इस अवसर पर अमजद खान , सुबहान खान, मोईन खान , सिबगत खान, धर्मराज सिंह , याशिर खान , अख्तर खान , मिन्हाज खान , फिरोज अहमद , विपिन प्रजापति के साथ गांव एव इलाके के सैकड़ों सम्मनित लोग मौजुद रहे।

### पंडित राम प्रवेश चौबे पीजी कॉलेज नियार से बाबतपुर घाट तक साइकिल रेस का आयोजन वाराणसी व आसपास के जिले के बच्चों ने लिया भाग



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी देव दीपावली व गोमती महोत्सव के शुभ अवसर पर 27 नवम्बर सोमवार कों पंडित राम प्रवेश चौबे पीजी कॉलेज राजला कुरौली-नियार से बाबतपुर घाट तक साइकिल रेस का आयोजन किया गया जिसमें बनारस सहित आसपास के जिले के बच्चों ने भाग लिया पूर्व ब्लाक प्रमुख चोलापुर सतीश चौबे व अजगरा चौकी इंचार्ज हर्षमणि त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर साइकिल रेस को रवाना किया` साइकिल रेस में प्रथम पुरस्कार जनपद चंदौली के मुलायम यादव को एक साइकिल 1100 रुपया नगद मोमेंट, दूसरे स्थान पर सत्यम हरदासीपुर के रहे इनको 2500 रुपया नगद वह एक मोमेंट एवं तृतीय स्थान पूरेधुरशाह को 1100 नगद वह मोमेंटो देकर आप सभी को सम्मानित किया गया` अन्य सभी प्रतिभागियों को एक टीशर्ट उपहार स्वरूप दिया गया उक्त अवसर पर डॉक्टर पीके दुबे, दिलीप चौबे, मनीष चौबे, शिवम पांडे, मुक्ति नारायण चौबे, धनंजय चौबे इत्यादि दर्जन और लोग उपस्थित रहे।

### जान है तो जहान है और जानकारी ही बचाये जान - दीपक पुजारी

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। प्रगति पथ फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के लक्षित हस्तक्षेप परियोजना के अंतर्गत मंडली सभा का आयोजन जनपद वाराणसी के सरैया स्थित इमामबाड़ा में किया गया ` कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इमामबाड़ा व्यवस्थापक मो. शामिल हुसैन व अतिथि मो. मुजफ्फर हुसैन व अध्यक्षता संस्था की महासचिव नीलम पटेल ने किया कार्यक्रम का उद्देश्य प्रवासियों को एचआईवी ,एड्स के खतरों से आगाह करना और उन तक स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी देकर एचआईवी ,एड्स की दर को कम करना था` मुख्य अतिथि इमामबाड़ा व्यवस्थापक मो. शामिल हुसैन ने उपस्थित प्रवासियों से कहा कि इस्लाम में स्वच्छता का विशेष महत्व है स्वच्छता ही हमें स्वस्थ रखता है स्वस्थ मन और स्वस्थ तन से ही इंसानियत को जिंदा रख पाएंगे ` प्रगति पथ फाउंडेशन की महासचिव नीलम पटेल ने कहा कि एचआईवी ,एड्स और यौन संचारित रोगों पर खुल कर बात करने की जरूरत है, जिससे कि इससे बचाव किया जा सके। परियोजना निदेशक दीपक पुजारी ने प्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि जान है तो जहान है और जानकारी से ही जान बचाई जा सकती है` एचआईवी एड्स ,टीबी यौन संचारित रोगों की जानकारी ही हमें इन जानलेवा रोगों से बचा सकती है` परियोजना की काउंसलर शालिनी के एचआईवी एड्स के कारण, लक्षण, बचाव व इलाज पर विस्तार से जानकारी दी और अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि प्रगति पथ फाउंडेशन द्वारा 25 नवम्बर से 01 दिसंबर 2023 तक सात दिवसीय एड्स जागरूकता अभियान चला रही है जिसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों जैसे खेल, सभा, स्वास्थ्य शिविर, सामुदायिक बैठक, नुक्कड़ नाटक व जादू के कार्यक्रम के माध्यम से सघन रूप से लोगों को जागरूक किया जाएगा इसी क्रम में आज का यह कार्यक्रम आयोजित की गई है` कार्यक्रम का संचालन गौतम और धन्यवाद ज्ञापन शगीना परवीन ने किया` रामाशीष, मनोज व अनिता ने कार्यक्रम में सहयोग किया।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं